दैनिक

# नवयत्न

केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा विज्ञापनों के लिए स्वीकृत

खबरें सड़क से संसद तक

RNI No. RAJHIN/2010/31619
Post.Reg No. sikar/041/2016-2018

वर्ष: 17 | अंक 88 | सीकर, सोमवार 25 मई 2026 | Email : navyatndainik@gmail.com | मूल्य 1 रुपया | पृष्ठ 8


### कांग्रेस राज का एक और गड़बड़झाला हुआ एक्सपोज

# बाल कल्याण समिति में कर दी अयोग्य अध्यक्ष की नियुक्ति

## पूर्व अध्यक्ष अपने पति के साथ गिरफ्तार



संजय सोनी

**झुंझुनू (नवयत्न)।** कांग्रेस राज में भर्तियों की गड़बड़ी को लेकर तो आए दिन खुलासे हो रहे है। लेकिन कांग्रेस राज में वैधानिक संस्थाओं में भी अयोग्य लोगों को नियुक्तियां देने में जमकर गड़बड़ी की है। जिसका खुलासा झुंझुनू की कोतवाली पुलिस की एक कार्रवाई में हुआ है। दरअसल कांग्रेस राज में तीन साल पहले दर्ज एक एफआईआर में कोतवाली पुलिस ने बाल कल्याण समिति झुंझुनू की पूर्व अध्यक्ष अर्चना चौधरी और उनके पति दिनेश कुमार को गिरफ्तार किया है। दोनों झुंझुनूं शहर के इंदिरा कॉलोनी के रहने वाले है। पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार में छह अक्टूबर 2021 को अर्चना चौधरी को प्रथम श्रेणी न्यायिक मजिस्ट्रेट की शक्तियां प्राप्त न्यायपीठ बाल कल्याण समिति झुंझुनूं के अध्यक्ष पद पर नियुक्त किया गया था।

इसके बाद आरटीआई कार्यकर्ता राजेश अग्रवाल ने अर्चना चौधरी की नियुक्ति पर सवाल उठाते हुए जून 2022 से मुख्यमंत्री तक दर्जनों बार शिकायतें की। शिकायत में उनके खिलाफ जम्मू में चोरी जैसी धाराओं में आपराधिक मामलों में संलिप्तता तथा बाल कल्याण समिति में नियुक्ति के लिए अनिवार्य योग्यता ना होने की शिकायतें प्रमुख थी लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। शिकायतों पर कार्रवाई ना होने पर एफआईआर दर्ज करवाने के लिए झुंझुनूं कोतवाली और एसपी कार्यालय के चक्कर लगाए। वहां से भी सकारात्मक कदम नहीं उठाया गया। इसके बाद राजेश अग्रवाल ने कोर्ट का दरवाजा खटखटाया। कोर्ट के आदेश पर करीब पौने तीन साल पहले 10 जुलाई 2023 को कोतवाली झुंझुनूं में मामला दर्ज किया गया। पुलिस ने इस दौरान एएसआई से लेकर एएसपी स्तर तक के अधिकारियों से जांच करवाई। अंतिम जांच सीआईडी सीबी जयपुर के एएसपी द्वारा की गई। जिसमें जांच अधिकारी ने आईपीसी की धारा 120बी, 420, 467, 468, 471 में अर्चना चौधरी और उनके पति दिनेश कुमार को आरोपित मानते हुए फाइल कोतवाली झुंझुनूं को भेज दी। कोतवाली पुलिस ने दोनों आरोपितों पूर्व अध्यक्ष अर्चना चौधरी और उनके पति दिनेश कुमार को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया।

जहां से उन्हें पुलिस रिमांड पर भेजा गया है। चर्चा है कि दिनेश कुमार सेना से जुड़ा हुआ है। जिसके कारण पुलिस इस मामले में अभी ज्यादा खुलासा नहीं कर रही। लेकिन एएसपी देवेंद्र सिंह ने एक मीडियाकर्मी को दी जानकारी में दोनों की गिरफ्तारी की पुष्टि की है। साथ ही पुलिस की अधिकारिक वेबसाइट पर भी दोनों की फोटो सहित 22 मई की तारीख में गिरफ्तारी अपडेट की गई है।

### विधानसभा में उठा मुद्दा, पर कांग्रेस सरकार ने नहीं की कार्रवाई

इस मामले को विधानसभा में भाजपा विधायक रामलाल शर्मा तथा भाजपा विधायक राजेंद्र राठौड़ ने भी उठाया था। राजस्थान विधानसभा के नियम और प्रक्रियाओं के नियम 131 के तहत प्रश्न रखा था कि बाल कल्याण समिति झुंझुनूं के अध्यक्ष पद पर अर्चना की नियुक्ति कर दी। जबकि वह योग्यता नहीं रखती। लेकिन कांग्रेस सरकार ने फिर भी कोई कार्रवाई नहीं की।

### पुलिस ने सभी प्रमाण पत्र के लिए की टिप्पणी वैध नहीं पाया गया

परिवादी राजेश अग्रवाल द्वारा कोर्ट के जरिए इस मामले की इसी साल फरवरी में मांगी गई प्रोग्रेस रिपोर्ट ने पुलिस ने अर्चना चौधरी द्वारा लगाए गए तीनों के तीनों प्रमाण को लेकर वैध नहीं का टिप्पणी की है। पुलिस ने इस प्रोग्रेस रिपोर्ट में बताया है कि अर्चना चौधरी ने श्रीगंगानगर, मेरठ और झुंझुनूं की स्कूलें के अनुभव प्रमाण पत्र अपने आवेदन के साथ लगाए थे। इनमें श्रीगंगानगर की स्कूल का अनुभव प्रमाण पत्र मई 2010 से फरवरी 2014 तक का था। जबकि सत्र 2010-11 में अर्चना चौधरी ने उदयपुर की कॉलेज से एमएड की पढाई की। इसी तरह मेरठ की स्कूल का प्रमाण पत्र 25 मई 2015 से 30 मई 2017 का लगाया गया था। जिसका रिकॉर्ड भी करीब दो साल की बजाय 13 माह का ही मिला। इसी तरह झुंझुनूं की स्कूल तो कोई प्रमाण पत्र जारी करने से ही इंकार कर दिया। रिपोर्ट में पुलिस ने वैध नहीं पाया गया कि टिप्पणी के साथ लिखा है कि सभी अनुभव प्रमाण पत्रों को देखा जाए तो अर्चना चौधरी के पास कुल श्रीगंगानगर की एक स्कूल का 3 साल तथा मेरठ की एक स्कूल 13 माह का प्रमाण पत्र ही मिला। जो बाल कल्याण समिति में नियुक्ति के लिए पर्याप्त नहीं था। जबकि आवेदन में अर्चना चौधरी ने अपना अनुभव शिक्षा? विभाग में अध्यापन अनुभव 10 वर्ष तथा प्रधानाचार्य अनुभव दो वर्ष अंकित किया था।

### जम्मू से मिला छह मामलों का रिकॉर्ड

जम्मू में दर्ज अर्चना चौधरी के खिलाफ आपराधिक प्रकरणों को लेकर भी पुलिस ने जांच की थी। प्रोग्रेस रिपोर्ट में बताया गया है कि अर्चना चौधरी के खिलाफआपराधिक प्रकरणों के संबंध में जम्मू से रिकॉर्ड प्राप्त किया गया तो कुल छह प्रकरण दर्ज होकर आवेदन से पूर्व निस्तारित होने की जानकारी मिली है। जिसमें किसी भी प्रकरण में न्यायालय द्वारा दोषसिद्ध नहीं ठहराया गया है। बताया जा रहा है कि इनमें से पांच मामले आईपीसी की धारा 420 तथा एक मामला आईपीसी की धारा 380 के तहत था। जो धोखाधड़ी और चोरी से संबंधित थे।

### पौने तीन साल में तीन बार फाइल हुई तलब

इस मामले में पौने तीन साल में तीन बार फाइल सीकर और जयपुर में तलब हुई। सबसे पहले कोतवाली थाने के एएसआई और दो एसआई ने मामले की जांच की। इसके बार कोतवाली थाने के सीआई, फतेहपुर के डीएसपी और अंत में सीआईडी सीबी के एएसपी ने मामले की जांच की। एफआईआर दर्ज होने के तीन महीने बाद ही तत्कालीन सीकर रेंज आईजी ने फाइल को तलब किया और इस मामले में तय नौ बिंदुओं को शामिल करते हुए जांच करने के आदेश दिए। इसके बाद फरवरी 2025 में भी जयपुर रेंज आईजी ने फाइल को तलब किया। जांच सीकर जिले के फतेहपुर डीएसपी को सौंपी गई। फतेहपुर डीएसपी की जांच के बाद फिर से फाइल एडीजी क्राइम के आदेश पर जयपुर रेंज आईजी ने जनवरी 2026 को फाइल को तलब किया और इसे सीआईडी सीबी जयपुर के एएसपी को भेजी।

# राजस्थान प्लेऑफ में पहुंची

## सीजन की टॉप-4 टीमें तय; मुंबई 30 रन से हारी

मुंबई।

आईपीएल में रविवार को खेले गए पहले मुकाबले में राजस्थान रॉयल्स ने मुंबई इंडियंस को 30 रन से हराकर प्लेऑफ में जगह पक्की कर ली। वानखेड़े स्टेडियम में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए राजस्थान ने 20 ओवर में 8 विकेट पर 205 रन बनाए। जवाब में मुंबई की टीम 20 ओवर में 9 विकेट पर 175 रन ही बना सकी। इस जीत के साथ आईपीएल 2026 की टॉप-4 टीमें तय हो गई हैं। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु, गुजरात टाइटंस, सनराइजर्स हैदराबाद और राजस्थान ने प्लेऑफ में जगह बनाई है। 26 मई को क्वालिफायर-1 में बेंगलुरु और गुजरात आमने-सामने होंगे, जबकि 27 मई को एलिमिनेटर में हैदराबाद और राजस्थान की भिड़ंत होगी।

### सूर्यकुमार यादव का अर्धशतक

मुंबई की शुरुआत बेहद खराब रही। रोहित शर्मा खाता खोले बिना आउट हुए, जबकि पावरप्ले में ही मुंबई ने 4 विकेट गंवा दिए। इसके बाद सूर्यकुमार यादव ने 60 रन और हार्दिक पंड्या ने 34 रन बनाकर वापसी की कोशिश की, लेकिन लगातार गिरते विकेटों ने टीम को मैच से दूर कर दिया। राजस्थान के लिए जोफ्रा आर्चर



ने सबसे ज्यादा 3 विकेट लिए। नांद्रे बर्गर, ब्रिजेश शर्मा और यश पुंजा को 2-2 विकेट मिले।

### राजस्थान के लिए एक भी अर्धशतक नहीं लगा

राजस्थान के लिए ध्रुव जुरेल ने 38 रन, जोफ्रा आर्चर ने 15 गेंदों में 32 और दासुन शनाका ने 29 रन की पारी खेली। आखिर में रवींद्र जडेजा और नांद्रे बर्गर ने तेजी से रन जोड़कर स्कोर 200 के पार पहुंचाया। मुंबई की ओर से दीपक चाहर और शार्दूल ठाकुर ने 2-2 विकेट लिए। विल जैक्स, अल्लाह गजनफर और कॉर्बिन बॉश को 1-1 सफलता मिली।

# नौतपा में सेवा : पुनीत कृष्ण गाडिया ट्रस्ट ने अस्पताल को दिए 9 जम्बो कूलर

संजय सोनी

**झुंझुनू (नवयत्न)।** भीषण गर्मी और नौतपा के प्रकोप के बीच जिले के सबसे बड़े राजकीय भगवानदास खेतान अस्पताल में मरीजों को राहत देने के लिए सामाजिक सरोकार का उत्कृष्ट उदाहरण सामने आया है। गोपीचंद गाडिया द्वारा पुनीत कृष्ण गाडिया मेमोरियल चैरिटेबल ट्रस्ट की ओर से अस्पताल को 9 जम्बो कूलर भेंट किए गए हैं, जिससे अब प्रत्येक वार्ड में मरीजों को ठंडक मिल सकेगी। पीएमओ एवं वरिष्ठ शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ जितेंद्र भाम्बू ने बताया कि अस्पताल के विकास और सुविधाओं के विस्तार में भामाशाहों का योगदान हमेशा से महत्वपूर्ण रहा है। अस्पताल परिसर के पार्कों को गोद लेने, वार्डों के विकास, वाटर कूलर सहित अन्य सुविधाओं के लिए दान जैसे कार्य लगातार किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि नौतपा के दौरान सामान्य कूलर और एसी भी कई बार प्रभावी नहीं रहते लेकिन जम्बो कूलर बड़े क्षेत्र में अधिक लोगों को राहत प्रदान करते हैं। ऐसे में इन कूलरों की उपलब्धता मरीजों



और उनके परिजनों के लिए काफी उपयोगी साबित होगी। कूलर प्राप्त होते ही उन्हें विभिन्न वार्डों में स्थापित कर दिया गया। ट्रस्ट द्वारा पूर्व में भी 11 जम्बो कूलर भेंट किए जा चुके हैं, जिससे अस्पताल में सुविधाओं का लगातार विस्तार हो रहा है। वर्तमान में बीडीके अस्पताल जिले का पहला ऐसा अस्पताल बन गया है, जहां प्रत्येक वार्ड में जम्बो कूलर की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। अस्पताल प्रशासन के अनुसार व्हीलचेयर, रोगी ट्रॉली, कूलर, पंखे और एसी जैसे उपकरणों के लिए भामाशाहों से लगातार प्रस्ताव मिल रहे हैं, जो अस्पताल के प्रति समाज के विश्वास और जुड़ाव को दर्शाता है। अस्पताल में लू-तापघात (हीट स्ट्रोक) के मरीजों के लिए अलग से पूर्णतः वातानुकूलित वार्ड भी संचालित किया जा रहा है। हाल ही में जिला कलेक्टर डॉ अरुण गर्ग की प्रेरणा से लायंस क्लब एवं श्याम आशीर्वाद सेवा समिति द्वारा भी वाटर कूलर दान किए गए थे। इस दौरान पीएमओ डॉ जितेंद्र भाम्बू, कपिल गाडिया, आरएमओ डॉ विजय झाझड़िया, पीसीएमओ डॉ बंशीधर झाझड़िया, उपनिदेशक संदीप नेमीवाल, कैंसर रोग विशेषज्ञ डॉ सुशील सैनी, नर्सिंग अधीक्षक ओमप्रकाश जांगिड़ सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

### विश्व फुटबॉल दिवस : जिंक फुटबॉल अकादमी् ने 1400 से अधिक युवा फुटबॉलरों को सशक्त बनाया

# स्थापना के बाद से अकादमी ने 20 से अधिक खिताब जीते हैं

निसं

**उदयपुर (नवयत्न)।** विश्व फुटबॉल दिवस के अवसर पर हिंदुस्तान जिंक की जिंक फुटबॉल अकादमी ने भारत में फुटबॉल के विकास और उन्नति को बढ़ावा देने की अपनी प्रतिबद्धता को दोहराया। युवा जीवन को आकार देने में फुटबॉल की परिवर्तनकारी शक्ति का जश्न मनाते हुए जिंक फुटबॉल ने पिछले एक वर्ष में ही जमीनी स्तर की प्रतिभाओं को पोषित करने और भारत की फुटबॉल संबंधी आकांक्षाओं को साकार करने के अपने प्रयास में 1400 से अधिक युवा लड़कों और लड़कियों को सकारात्मक रूप से प्रभावित किया है। यह सीज़न जेडएफए के सफर में एक मील का पत्थर साबित हुआ है। अकादमी ने तीसरी बार राजस्थान स्टेट मेन्स लीग का खिताब जीता, जो प्रतियोगिता में सबसे युवा टीमों में से एक के साथ हासिल की गई एक उल्लेखनीय उपलब्धि है, जो इसके मजबूत विकास पथ को रेखांकित करती है। राष्ट्रीय स्तर पर जेडएफए की अंडर-18 टीम एआईएफएफ अंडर-18 एलीट लीग में उपविजेता रही और भारत की दूसरी सर्वश्रेष्ठ अंडर-18 टीम के रूप में उभरी। एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल करते हुए ज़ावर अकादमी ने भारतीय फुटबॉल के शीर्ष स्तरों में से एक आई-लीग 3 में पदार्पण किया। लड़कियों की टीम ने भी अपने पदार्पण के महज एक साल के भीतर ही असाधारण प्रदर्शन किया, दून कप, डीएवी अंडर-19 नेशनल और अस्मिता फुटबॉल लीग में खिताब जीते और वर्तमान में चल रही राजस्थान सीनियर महिला लीग में अंक तालिका में शीर्ष पर है जो जेडएफए में महिला फुटबॉल के तेजी से विकास को दर्शाता है। फुटबॉल सपनों को साकार करता है। जिंक फुटबॉल अकादमी भविष्य का निर्माण करती है के मूल सिद्धांत से प्रेरित होकर जेडएफए एक जमीनी पहल से विकसित होकर एक पेशेवर फुटबॉल प्रणाली बन गई है। सर्वांगीण विकास पर विशेष ध्यान देते हुए अकादमी विश्व स्तरीय बुनियादी ढांचे, सुव्यवस्थित कोचिंग पद्धतियों और प्रौद्योगिकी आधारित प्रदर्शन विश्लेषण को मिलाकर भारतीय फुटबॉलरों की अगली पीढ़ी को तैयार करती है। खेल के मैदान से परे, अकादमी एक सच्चे छात्र-एथलीट मॉडल को बढ़ावा देती है यह सुनिश्चित करते हुए कि प्रत्येक खिलाड़ी की शिक्षा का ध्यान रखा जाए और वह भी पूर्ण छात्रवृत्ति के आधार पर। 2018 में अपनी स्थापना के बाद एआईएफएफ 3-स्टार रेटिंग प्राप्त ग्राहम फुटबॉल अकादमी ने भारत के आयु-समूह के लिए लगातार खिलाड़ियों को तैयार किया, जिससे देशों की प्रतिभाएं मजबूत हुई। हाल ही में अकादमी ने ग्रामीण परिवेश की 20 खिलाड़ियों के साथ पहली बार खिलाड़ियों के साथ लड़कियों के लिए भारत की पहली आवासीय फुटबॉल अकादमी की भी शुरुआत की है। अकादमी में प्रशिक्षित मोहम्मद कैफ राजस्थान से 40 वर्षों से अधिक समय में भारत का प्रतिनिधित्व करने वाले पहले खिलाड़ी बने। यह एक ऐतिहासिक उपलब्धि है और जेडएफए के विकास कार्यक्रम की मजबूती को दर्शाती है। उन्होंने कहा मैं हिंदुस्तान जिंक और जिंक फुटबॉल का हमेशा आभारी रहूंगा। ज़ावर में विश्व स्तरीय सुविधा में शीर्ष प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन में बिताए मेरे सात वर्षों ने मेरे करियर को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। महिलाओं की तरफ से ज़ावर माइंस की स्थानीय लड़की गीत मीना अकादमी की जमीनी स्तर की सफलता की कहानी का प्रतिनिधित्व करती हैं। उन्होंने जिंक फुटबॉल कम्युनिटी स्कूल्स से अपने सफर की शुरुआत की और बाद में ट्रायल के माध्यम से जेडएफए के पहले गर्ल्स बैच में चयन हासिल किया। उनके साथ, ज़ावर की चार अन्य लड़कियां मीनू कुमारी मीना, बिंदिया मीना, मनीषा पटेल और सविता कालबेलिया ने भी अपनी जगह पक्की की, जो अकादमी के समुदाय पर गहरे प्रभाव और स्थानीय प्रतिभाओं को पोषित करने की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। गीत ने कहा हम हिंदुस्तान जिंक के आभारी हैं कि उन्होंने हमें अपनी प्रतिभा दिखाने का यह मंच दिया।

पहले हम प्रशिक्षण के लिए जिंक फुटबॉल कम्युनिटी स्कूल्स आते थे और अब यह और भी खास लगता है। अपने परिवारों को गर्व से देखकर खास लगता है अपने समुदाय के कई बच्चों को प्रेरित करके खास लगता है कि लड़कियां भी सपने देख सकती हैं। यह तो बस शुरुआत है। हम भारत का प्रतिनिधित्व करना चाहते हैं। जेडएफए युवा फुटबॉल के क्षेत्र में एक प्रतिष्ठित संस्था के रूप में उभरी है, जिसने एआईएफएफ युवा लीग जैसी राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में लगातार उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। अकादमी की बढ़ती प्रतिष्ठा साहिल पूनिया, प्रेम हंसदक और राजरूप सरकार जैसे खिलाड़ियों की सफलता की कहानियों में भी



झलकती है, जिन्होंने विभिन्न आयु वर्गों में भारत का प्रतिनिधित्व किया है। इस यात्रा के केंद्र में समावेशिता और अवसरों के प्रति प्रतिबद्धता निहित है। जिंक फुटबॉल अकादमी ने ग्रामीण और उपेक्षित समुदायों की प्रतिभाशाली लड़कियों के लिए फुटबॉल में भागीदारी को सक्रिय रूप से बढ़ावा देते हुए उनके लिए द्वार खोल दिए हैं। पेशेवर प्रशिक्षण वातावरण और प्रतिस्पर्धी अनुभव प्रदान करके जेडएफए प्रतिभा और राष्ट्रीय स्तर की आकांक्षाओं के बीच की खाई को पाटने का प्रयास जारी रखे हुए है। वेदांता समूह की कंपनी और विश्व की सबसे बड़ी एकीकृत जस्ता उत्पादक कंपनी, हिंदुस्तान जिंक, विभिन्न सामाजिक हस्तक्षेपों और सामुदायिक विकास पहलों के माध्यम से समग्र सामुदायिक विकास के अपने दृष्टिकोण को आगे बढ़ा रही है। यह शिक्षा को बढ़ावा देने, कौशल विकास करने, स्थायी आजीविका को सक्षम बनाने, महिलाओं को सशक्त बनाने, स्वास्थ्य सेवा को मजबूत करने और पर्यावरण संरक्षण पर केंद्रित है। 4100 से अधिक गांवों में फैली अपनी उपस्थिति के साथ हिंदुस्तान जिंक 26 लाख से अधिक लोगों के जीवन को सकारात्मक रूप से बदल रहा है और समावेशी विकास और दीर्घकालिक सामाजिक प्रभाव को बढ़ावा देने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। द फुटबॉल लिंक द्वारा रणनीति और कार्यान्वयन भागीदार के रूप में समर्थित, यह अकादमी राजस्थान और भारतीय फुटबॉल दोनों के सुधार के लिए दृढ़ प्रतिबद्धता दर्शाती है। इसने लगभग पांच दशकों से खेल को बढ़ावा दिया है, जिसकी शुरुआत 1976 में जावर स्थित अपने फुटबॉल स्टेडियम से हुई थी, जहां वार्षिक राष्ट्रीय फुटबॉल टूर्नामेंट आयोजित होते रहते हैं। फुटबॉल के अलावा एथलेटिक्स, कबड्डी और वॉलीबॉल जैसे खेलों में भी कंपनी जमीनी स्तर पर प्रतिभाओं का पोषण करती है। इसके वेदांता जिंक सिटी हाफ मैराथन ने उदयपुर को वैश्विक दौड़ मानचित्र पर एक खास स्थान दिलाया है।

# करियर काउंसलिंग के लिए किया जनसंपर्क



नवरतन वर्मा

**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** हम कामगार समाज द्वारा आगामी 31 मई को होने वाली करियर काउंसलिंग की तैयारियों को लेकर हम कामगार समाज के अध्यक्ष हरिप्रसाद हर्षवाल के नेतृत्व में गांव गांव ढाणी ढाणी जाकर जनसंपर्क किया जा रहा है। रविवार को पड़िहारा, छापर, चाड़वास सहित गांवों में हम कामगार समाज की टीम ने दौरा कर आगामी 31 मई को अधिकाधिक अपने बच्चों की सही सोच, सही मार्गदर्शन सफल करियर की शुरुआत हेतु यह करियर काउंसलिंग के कार्यक्रम तहसील मुख्यालय पर हम कामगार समाज एवं अनुसूचित जाति और जनजाति समाज द्वारा आयोजित किया जा रहा है। जिसकी तैयारियों को लेकर संरक्षक श्रवण कुमार सोडा, उपाध्यक्ष मोहनलाल सैनी, पुर्णमल दानोदिया, नंदलाल सैनी, राजकुमार प्रजापत, ओमप्रकाश सैनी, नितेश कुमार हर्षवाल व कन्हैयालाल आदि सैकड़ों की संख्या में हम कामगार समाज के पदाधिकारीगण लगे हुए हैं। हम कामगार समाज छापर की ओर से हम कामगार समाज के पदाधिकारियों का छापर पहुंचने पर सम्मान किया। इस कड़ी धूप में पक्षियों के लिए दाने एवं पानी की व्यवस्था के लिए अलग-अलग चुगादान भेंट किए, जिससे बेजुबान पक्षियों को लिए पानी एवं हल्के धान की व्यवस्था का पुनीत कार्य किया जावे।

# भामाशाह द्वारा भेंट एयर कंडीशनर का हुआ उद्घाटन



निसं

**तारानगर ( नवयत्न )।** श्री जगन्नाथ कंदोई बालिका उच्च माध्यमिक आदर्श विद्या मंदिर, तारानगर सूरजमल, हीरालाल, काशीराम कंदोई भवन में स्व. मधु कंदोई की स्मृति में उनकी सुपुत्री कविता पत्नी नवीन काजड़िया औरंगाबाद द्वारा एवं अंजू पत्नी अजय खेमका, गोवाहाटी द्वारा भेंट किए गए एयर कंडीशनर सेट का उद्घाटन किया गया। भामाशाह भंवरलाल कंदोई की प्रेरणा से विद्यालय को यह उपहार प्राप्त हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन भामाशाह प्रमोद कंदोई एवं रितू कंदोई के द्वारा किया गया। इस अवसर पर विद्यालय स्टाफ उपस्थित रहा व बालिका आदर्श विद्या मंदिर के व्यवस्थापक दयानंद स्वामी एवं प्रधानाचार्या दयाकंवर द्वारा भामाशाहों का सम्मान किया गया। साथ ही भामाशाह परिवार का आभार व्यक्त किया।

# डॉ अरुण शर्मा को मिला राज्य स्तरीय एक्सीलेंस अवार्ड




नवरतन वर्मा

**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** क्षेत्र के मूल निवासी डॉ अरुण शर्मा को नर्सिंग शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए राज्य स्तरीय सम्मान से नवाजा गया। ट्रेन्ड नर्सेज एसोसिएशन ऑफ इंडिया द्वारा महात्मा गांधी मेडिकल यूनिवर्सिटी में आयोजित राज्य स्तरीय सम्मान समारोह में श्री बालाजी कॉलेज ऑफ नर्सिंग, सुजानगढ़ के प्रशासनिक अधिकारी डॉ शर्मा को स्टेट लेवल एक्सीलेंस अवार्ड प्रदान किया गया। डॉ शर्मा को यह सम्मान नर्सिंग शिक्षा में नवाचारों को बढ़ावा देने, विद्यार्थियों में कौशल आधारित शिक्षा विकसित करने तथा शिक्षा क्षेत्र में उल्लेखनीय सेवाएं देने पर प्रदान किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में राजेंद्र राठौड़, राजस्थान सरकार के गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढम, डॉ अरुण चतुर्वेदी, डॉ एनी कुमार, डॉ जोगेन्द्र शर्मा, जॉइस कुरियन सहित कर्मचारी चयन बोर्ड के प्रतिनिधि एवं कई गणमान्य हस्तियां मौजूद रहीं।

# अज्ञात वाहन ने मारी ऊंटगाड़ी को टक्कर, हादसे में ऊंट मालिक की मौत

निसं



**खेतड़ी ( नवयत्न )।** पचेरी कलां थाना क्षेत्र में रविवार को अज्ञात वाहन ने ऊंटगाड़ी को टक्कर मार दी। इस दौरान सड़क हादसे में ऊंटगाड़ी मालिक की मौत हो गई। घटना की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को बुहाना के राजकीय अस्पताल में ले जाया गया। जानकारी के अनुसार माजरी गांव निवासी बृजलाल पुत्र होशियार सिंह रोज की तरह ऊंटगाड़ी लेकर डूमोली गांव स्थित ईंट भट्टे पर ईंट भराई के कार्य के लिए जा रहा था। इसी दौरान दिल्ली-झुंझुनूं सड़क मार्ग पर किसी अज्ञात वाहन ने उसकी ऊंटगाड़ी को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि बृजलाल की मौके पर ही कुचलने से मौत हो गई, जबकि ऊंटगाड़ी पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। हादसे में ऊंट भी गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसका उपचार करवाया जा रहा है। घटना की सूचना मिलने पर पचेरी कलां पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर बुहाना सीएचसी में पोस्टमार्टम करवाया। बाद में शव परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस अज्ञात वाहन की तलाश में जुटी हुई है। मृतक मजदूर बृजलाल मेहनत-मजदूरी कर अपने परिवार का पालन-पोषण करता था। उसकी पत्नी मिंकु को जैसे ही हादसे की सूचना मिली, वह बदहवास हो गई। परिवार के अनुसार उसका पुत्र इशांत ग्रेजुएशन की पढ़ाई कर रहा है जबकि कुछ समय पहले ही मजदूर ने अपनी बेटी की शादी की थी। परिवार की आर्थिक जिम्मेदारी पूरी तरह बृजलाल के कंधों पर थी। ग्रामीणों ने बताया कि बृजलाल गांव का मिलनसार और मेहनती व्यक्ति था, जो वर्षों से ऊंटगाड़ी के माध्यम से मजदूरी कर अपने परिवार का जीवनयापन कर रहा था। उसकी अकाल मृत्यु से गांव में गहरा शोक व्याप्त है। घटना को लेकर ग्रामीणों ने परिवार की आर्थिक स्थिति को देखते हुए प्रशासन से मृतक आश्रित को आर्थिक सहायता मुहैया करवाने तथा गाड़ी ड्राइवर की पहचान कर उसके खिलाफआवश्यक कार्रवाई करने की मांग की है। थानाधिकारी बनवारीलाल ने बताया कि घटना के दौरान वाहन ड्राइवर मौके से फरार हो गया, जिसके बारे जानकारी जुटाई जा रही है तथा जल्द आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# पुलिस के जवानों ने चलाई साइकिल व किया योगा

नवरतन वर्मा

**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** संडेज ऑन साइकिल अभियान के तहत रविवार को पुलिस के जवानों एवं अधिकारियों ने साइकिल चलाई तथा योगाभ्यास किया। उप महानिरीक्षक पुलिस, आर्म्ड बटालियन द्वितीय विनीत कुमार बंसल के द्वारा जारी आदेशानुसार रविवार की सुबह संडे ऑन साइकिल अभियान का जिले भर में आयोजन किया गया। इस अभियान के तहत चूरू जिला पुलिस द्वारा साईकिलिंग के साथ-साथ योग, जुंबा और रोप स्किपिंग आदि गतिविधियों का सामूहिक रुप से जिला मुख्यालय स्थित पुलिस लाइन परेड ग्राउण्ड में आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम में एसपी निश्चय प्रसाद एम सहित पुलिस विभाग के अधिकारी/कर्मचारी, पुलिसकर्मियों के परिवारजन, सीएलजी सदस्य, ग्राम रक्षक, स्कूल व कॉलेज के बच्चों सहित लगभग 270 प्रतिभागियों ने भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान पुलिस लाईन चूरू स्थित परेड ग्राउंड मे योगा व जुम्बा कार्यक्रम का आयोजन किया गया तत्पश्चात पुलिस अधीक्षक चूरू ने जागरूकता हेतु पुलिस लाईन चूरू से साईकिल रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया जो पुलिस लाईन चूरू से कलेक्ट्रेट सर्किल, रेलवे स्टेशन, सुभाष चौक, पंखा सर्किल, आपणी योजना होते हुए पुलिस लाईन चूरू पहुंची। रतनगढ़ में डीवाईएसपी इनसार अली व सीआई गौरव खिड़िया के निर्देशन में सीओ ऑफिस, रतनगढ़ पुलिस थाना एवं जीआरपी के जवानों व अधिकारियों ने साइकिल चलाई। सीओ ऑफिस से शुरू हुई साइकिलिंग पुलिया संख्या चार, अशोक स्तम्भ एवं बस स्टैंड होते हुए पुन: कार्यालय पहुंची, जहां पर डीवाईएसपी के निर्देशन में योग, रन एवं रोप स्किपिंग जैसी गतिविधियों का आयोजन किया गया।



# 52 वर्षों से अनवरत प्रवाहित अखण्ड षोडश नाम संकीर्तन 53वें वर्ष में प्रवेश

नवरतन वर्मा

**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** रतनगढ़ के सिद्धपीठ श्री तालवाले बालाजी श्यामजी मंदिर में पिछले 52 वर्षों से निरंतर प्रवाहित विश्व के अद्वितीय अखण्ड षोडश नाम संकीर्तन ने आध्यात्मिक जगत में एक अनूठी पहचान बनाई है। 25 मई 1974 से प्रारंभ हुआ यह अखण्ड संकीर्तन अब अपने 53वें वर्ष में प्रवेश करने जा रहा है। बालाजी मंदिर पुजारी निलेश इन्दौरिया ने बताया कि इस पावन अवसर पर 25 मई सोमवार को सायं 5 बजे से मंदिर परिसर में विशाल सामूहिक संकीर्तन का आयोजन किया



जाएगा। संकीर्तन ट्रस्ट के रघुनन्दन धर्ड़ ने बताया कि यह दिव्य संकीर्तन परम पूज्य श्री श्री 1008 महात्यागी बाबा श्री रामचन्द्रदासजी महाराज द्वारा स्थापित किया गया था, जो आज भी बिना किसी विराम के 24 घंटे निरंतर जारी है। संकीर्तन में लगातार हरे राम हरे राम, राम राम हरे हरे।

हरे कृष्ण हरे कृष्ण, कृष्ण कृष्ण हरे हरे। महामंत्र का जाप किया जा रहा है। श्याम मंदिर पुजारी अजय इन्दौरिया के अनुसार इस अखण्ड संकीर्तन की सबसे बड़ी विशेषता न कोई आरम्भ, न कोई विराम की परंपरा है। प्रतिदिन हजारों श्रद्धालु इस नाम जाप से जुड़कर आध्यात्मिक ऊर्जा प्राप्त करते हैं।

# नोखागांव के पूर्व सरपंच गोदारा का निधन, क्षेत्र में शोक की लहर

निसं

**नोखा ( नवयत्न )।** बीकानेर कांग्रेस के वयोवृद्ध नेता, गांधीवादी विचारधारा के प्रखर समर्थक एवं नोखागांव के पूर्व सरपंच चौधरी भीयाराम गोदारा का 102 वर्ष की आयु में निधन हो गया। उनके निधन से पूरे नोखा क्षेत्र सहित सामाजिक एवं राजनीतिक जगत में शोक की लहर छा गई। चौधरी भीयाराम गोदारा ने पंचायतीराज व्यवस्था में नोखागांव, हियादेसर एवं बुधरो की ढाणी के सरपंच पद पर वर्ष 1988 से 1995 तक सेवाएं दीं। क्षेत्र की राजनीति में उनकी मजबूत पकड़ रही तथा वे आजीवन लोकतंत्र, सामाजिक सेवा और जनहित के कार्यों के प्रति समर्पित रहे। वे सन् 1952 के प्रथम आम चुनाव से लेकर पंचायत, विधानसभा एवं लोकसभा के प्रत्येक चुनाव में मतदान करने वाले जागरूक नागरिकों में शामिल रहे। लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति उनकी आस्था सदैव प्रेरणादायक रही। चौधरी भीयाराम गोदारा अनेक सामाजिक संस्थाओं से जुड़े रहे और निरंतर सामाजिक कार्यों में सक्रिय भागीदारी निभाते रहे। वे आजादी के आंदोलन के साक्षी रहे तथा 2 अक्टूबर 1959 को नागौर में आयोजित पंचायतीराज शुभारंभ समारोह में संसाधनों और परिवहन के अभाव के बावजूद लगभग 60 किलोमीटर पैदल चलकर शामिल हुए थे। उन्होंने वर्ष 1987-88 के भीषण अकाल एवं वर्ष 1999-



2002 के छपने काल में कैंटल कैम्प संचालित कर गौसेवा का अनुकरणीय कार्य किया। नोखा क्षेत्र में उन्हें गांधीवादी विचारधारा, गोसेवा, सादगी और ईमानदार व्यक्तित्व के रूप में विशेष पहचान प्राप्त थी। पूर्व सरपंच चौधरी भीयाराम गोदारा के निधन पर स्थानीय जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों एवं ग्रामीणों ने गहरा शोक व्यक्त किया। उनके अंतिम संस्कार में पूर्व राज्य मंत्री महेंद्र गहलोत, नोखा विधायक प्रतिनिधि अजय रामेश्वर डूडी, एनएसयूआई के जिलाध्यक्ष श्रीकृष्ण गोदारा, नोखा क्रय विक्रय सहकारी समिति के चेयरमैन जेठाराम गोदारा, जिला परिषद सदस्य प्रतिनिधि रामप्रताप सियाग, आरएलपी नोखा अध्यक्ष तुलसीराम डूडी, भामटसर पूर्व सरपंच रामनारायण सारण, नोखा सरपंच संघ अध्यक्ष पुरखाराम, शिवप्रकाश पंचारिया सहित हजारों लोगों ने शामिल होकर श्रद्धांजलि अर्पित की और नम आंखों से अंतिम विदाई दी।

# 1.75 लाख का मोबाइल मालिक को सौंप कर दिया ईमानदारी का परिचय

निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** आज के युग में जहां लोगों के हाथ से छीना झपटी की घटनाएं आम हो गई हैं। वहीं रास्ते में मिला 1.75 लाख का सैमसंग कंपनी का मोबाइल उसकी मालकिन अध्यापिका पूनम कँवर को जो कि जनगणना के कार्य में लगी हुई थी तथा उस एरिया में अपनी ड्यूटी कर रही थी, उनको को सुरक्षित लौटा कर ईमानदारी का बेहतरीन उदाहरण रविवार को पेश किया गया। टीम हारे का सहारा संयोजक श्याम स्वर्णकार ने बताया कि उन्हें रविवार सुबह नरेंद्र प्रजापत ने सूचना दी कि उसके पिताजी नवरंगलाल प्रजापत को सुजानगढ़ के कृषि मंडी सब्जी मंडी के पास वाली सड़क जो पीछे खेतों की और जाती है वहां सुबह रास्ते में



एक मोबाइल मिला। जिसमें सिम नहीं थी उन्होंने तुरंत स्वर्णकार के साथ जाकर कोतवाली थाना सुजानगढ़ जाकर पुलिस के हवाले कर दिया। उधर थोड़ी देर बाद अध्यापिका पूनम कँवर लोकेशन के आधार पर रिपोर्ट लिखाने पुलिस स्टेशन पहुंची, तो वहां बताते ही उन्हें मोबाइल दिखाया गया, तो वो बहुत खुश हुई। एएसआई तेजाराम और अन्य स्टाफ, प्रेरक टीम संयोजक श्याम स्वर्णकार, नरेंद्र प्रजापत की मौजूदगी में अध्यापिका को उनका मोबाइल आवश्यक कागजात लेकर सौंप दिया गया। उन्होंने खुश होकर नरेंद्र प्रजापत को इनाम देना चाहा पर उन्होंने अपना मानवीय फर्ज निभाते हुए सहर्ष अस्वीकार कर दिया।

# वन्दे गंगाजल सरंक्षण जन अभियान आज से

निसं

**तारानगर ( नवयत्न )।** राज्य सरकार के निर्देशानुसार सोमवार को गंगादशमी के अवसर पर वन्दे गंगाजल सरंक्षण जन अभियान कार्यक्रम शुरू हो रहा है जो 5 जून तक चलेगा। विकास अधिकारी छगनलाल छिम्पा ने बताया कि ब्लॉक स्तरीय कार्यक्रम ग्राम पंचायत राजपूरा में होगा। अभियान के प्रथम दिन स्वच्छता एवं जल स्त्रोतों की सफाई, दीप प्रज्ज्वलन, सरोवरों पर पूजन, वन्दे गंगा प्रभात फेरी, निबंध लेखन, वन्दे गंगा कलश यात्रा, पीपल पूजन, पीपल पौधरोपण एवं वितरण, इको फ्रेंडली, स्थानीय उत्पादों के संबंध में प्रदर्शनी आदि का आयोजन किया जाएगा, अभियान में विभिन्न सरकारी विभागों के माध्यम से गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। बीडीओ छिम्पा ने बताया कि उक्त कार्यक्रम समस्त पंचायतों व नगरपालिकाओं में भी आयोजित किये जाएंगे।

# 256 लोगों की हुई नेत्र चिकित्सा शिविर में जांच

निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** द यंग्स क्लब ऑफ सुजानगढ़ द्वारा रविवार को स्व. लालचंद टमकू देवी पाटनी की स्मृति में उनके पुत्रों भामाशाह प्रकाशचंद बिमलकुमार पाटनी व समस्त पाटनी परिवार के सौजन्य से नि:शुल्क नेत्र जांच व लेंस प्रत्यारोपण शिविर आयोजित किया गया। शिविर प्रभारी ललित सोनी ने बताया कि शिविर में प्रख्यात नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ अपूर्व कोटिया द्वारा 256 नेत्र रोगियों की नि:शुल्क जांच कर उन्हें उचित परामर्श दिया गया तथा 101 रोगियों का ऑपरेशन के लिए चयन किया गया। चयनित नेत्र रोगियों के नि:शुल्क नेत्र लेंस प्रत्यारोपण डॉ अपूर्व कोटिया द्वारा डॉ मोहन जैन आई हॉस्पिटल में नि:शुल्क करवाए जाएंगे। शिविर



के उद्घाटन अवसर पर तहसीलदार गिरधारीलाल पारीक, भामाशाह विमल पाटनी, मैना देवी पाटनी, खेमचंद बगड़ा, सुनील जैन सडूवाला, पारस बगड़ा, महावीर पाटनी, विनीत बगड़ा, धर्मेंद्र गंगवाल, श्रीपाल सेठी, संदीप पारीक, पाटनी परिवार से सुमित, अंकित पाटनी, आकांक्षा, रिदम, गुनगुन पाटनी आदि ने दीप प्रज्वलित कर शिविर का विधिवत उद्घाटन किया। इस मौके पर तहसीलदार गिरधारी लाल पारीक ने अपने उद्बोधन में कहा कि पीड़ित मानवता की सेवा पुण्य का कार्य है। अतिथियों का माल्यार्पण द्वारा स्वागत क्लब प्रतिनिधि महावीर मीरनका, मुन्नालाल प्रजापत, बिमल भूतोड़िया, निर्मल बोकड़िया, गोपाल चोटिया, मूलचंद तिवाड़ी, ललित सोनी, प्रतीक, अंकित चोटिया, तैयब अली, डॉ घनश्याम नाथ कच्छावा, रमन प्रजापत, लतीफ अहमद, रामचंद्र टेलर, गोपाल सोनी, मालचंद प्रजापत ने किया।

शिविर में चूरू, नागौर, सीकर, बीकानेर जिलों के रोगी लाभान्वित हुए। शिविर आरंभ होने से पूर्व क्लब के संस्थापक अध्यक्ष दानमल शर्मा के निधन पर दो मिनट का मौन रख कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई।

# शादी की वर्षगांठ पर विद्यालय में फर्नीचर भेंट



निसं

**नवलगढ़ ( नवयत्न )।** क्षेत्र के जोहड़ की ढाणी निवासी लेखाधिकारी जुगल किशोर सैनी पुत्र नन्द लाल सैनी ने धर्मपत्नी प्रीति सैनी के साथ में अपनी 25 वी शादी की वर्षगांठ जोहड़ की ढाणी में स्थित राजकीय माध्यमिक विद्यालय में केक काटकर मनाई। वही शादी की वर्षगांठ पर कक्षा 9 के 30 बच्चों के बैठने के लिए लगभग 50 हजार की लागत से 10 बैंच एवं 10 टेबल भेंट की तथा सभी बच्चों को चॉकलेट वितरण की गई। इस अवसर पर स्कूल के प्रधानाचार्य ने सैनी जोड़े का आभार व्यक्त किया एवं सुखी दाम्पत्य जीवन की कामना की। विद्यालय में फर्नीचर भेंट करने पर विद्यालय परिवार ने जुगल किशोर सैनी व उनकी धर्मपत्नी प्रीति सैनी का स्वागत किया। इस दौरान प्रधानचार्य ओमनाथ सिद्ध, पंकज मील, नवलकिशोर शर्मा, राकेश, कमला मील, सीपी सैनी, अनिल सैनी, रोहित दहिया, प्रिंयाशु दहिया, शिमला देवी सहित कई लोग मौजूद रहे।

# संडेज ऑन साइकिल अभियान में दिया स्वास्थ्य एवं पर्यावरण संरक्षण का संदेश



निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** जयपुर पुलिस का रविवार को रिजर्व पुलिस लाइन में संडेज ऑन साइकिल् अभियान का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम फिट इंडिया मूवमेंट के तहत प्रदेशव्यापी पहल का हिस्सा है। इसका उद्देश्य आमजन को स्वास्थ्य, फिटनेस और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करना है। इस कार्यक्रम की शुरुआत में पुलिस अधिकारी, जवानों, सीएलजी सदस्यों सहित आमजन ने योग, जुम्बा, रनिंग और रोप स्किपिंग जैसी अन्य फिटनेस गतिविधियां की। इन गतिविधियों का उद्देश्य पुलिस जवानों एवं आम जनता में स्वास्थ्य प्रति जागरूकता बढ़ाना है। योग कार्यक्रम के उपरान्त साईकिल रैली पुलिस लाइन पुलिस कमिश्नरेट से छोटी चौपड़ होते हुए सांगानेरी गेट से एमआई रोड होते हुए पुलिस लाइन पुलिस कमिश्नरेट जयपुर तक निकाली गई। इस कार्यक्रम में जयपुर पुलिस कमिश्नरेट की आला पुलिस अधिकारी, पुलिस के जवानों सहित सीएलजी सदस्य एवं आमजन ने भाग लिया।

# भगवान तक पहुंचने का प्रथम माध्यम हमारे माता-पिता : त्रिभुवन पुरी महाराज

नवरतन वर्मा

**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** रतनगढ़ में बृजदासी सेवा श्रम ट्रस्ट के तत्वावधान में छैल बिहार मंदिर में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के पांचवें दिवस पर भगवान श्रीकृष्ण जन्मोत्सव श्रद्धा, उल्लास एवं भक्ति भाव के साथ मनाया गया। कथा स्थल को आकर्षक सजावट एवं मनमोहक झांकियों से सजाया गया। भगवान श्रीकृष्ण जन्म के प्रसंग पर श्रद्धालुओं ने भजनों, जयकारों और पुष्पवर्षा के साथ उत्सव मनाया। इस अवसर पर कथावाचक त्रिभुवन पुरी महाराज ने भगवान श्रीकृष्ण जन्म की कथा का भावपूर्ण वर्णन करते हुए कहा कि भगवान तक पहुंचने का प्रथम माध्यम हमारे माता-पिता हैं। माता-पिता ही हमें इस संसार में लाकर जीवन प्रदान करते हैं,



इसलिए उनकी सेवा, सम्मान एवं आज्ञा पालन करना प्रत्येक व्यक्ति का सर्वोच्च धर्म होना चाहिए। उन्होंने कहा कि जो व्यक्ति अपने माता-पिता का सम्मान करता है, उस पर सदैव भगवान की कृपा बनी रहती है। इससे पूर्व कथा के पांचवें दिवस के यजमान गोपाल महर्षि ने सपत्नी व्यासपीठ की पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर राजकुमार चौधरी, देवीदत्त स्वामी, मदन कौशिक, नरेंद्र नाथोलिया, शारदा देवी इंदौरिया, सुशील इंदौरिया, रविकांत शर्मा, रवि इंदौरिया, विष्णु धरेन्द्र, पीरूमल भार्गव, कमल महर्षि, हेमंत इंदौरिया, प्रदीप महर्षि, जगदेव साँखोलिया, पंडित श्याम सुंदर, किशन महर्षि, धनराज इंदौरिया, शंकर कम्मा, राकेश जाजू, बाबूलाल इंदौरिया, प्रकाश पारीक, हरि प्रसाद पारीक, हरि बूँटोलिया एवं महेश लुण्डिया सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## सम्पादकीय

# रूबियो की भारत यात्रा



क्वाड विदेश मंत्रियों की बैठक में शामिल होने भारत आए अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रूबियो कोलकाता से अपने भारत दौरे की शुरुआत करने के बाद जिस तरह दिल्ली आकर सीधे प्रधानमंत्री मोदी से मिले और उनसे लंबी बात की, उससे यह प्रतीति होना स्वाभाविक है कि वे दोनों देशों के संबंधों को प्रगाढ़ करने को विशेष महत्व दे रहे हैं। आम तौर पर किसी देश का विदेश मंत्री पहले अपने समकक्ष से मुलाकात के बाद प्रधानमंत्री से भेंट करता है, लेकिन अमेरिकी विदेश मंत्री के मामले में यह क्रम टूटता दिखा। उन्होंने प्रधानमंत्री से लंबी बातचीत करने के बाद उन्हें अमेरिका आने का निमंत्रण भी दिया, लेकिन इसकी महत्ता तभी है, जब दोनों देशों के संबंधों में सुधार की प्रक्रिया वास्तव में गति पकड़े।

भारत केवल इतने से संतुष्ट नहीं हो सकता कि अमेरिका उसकी प्राथमिकता में है और वह उसे खास महत्व दे रहा है, क्योंकि उसकी मौजूदा नीतियां भारतीय हितों के अनुकूल सिद्ध नहीं हो रही हैं। एक तो भारत-अमेरिका के बीच होने वाले व्यापार समझौते में देरी हो रही है और दूसरे अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप उस पाकिस्तान को जरूरत से ज्यादा भाव दे रहे हैं, जिसे अपने पिछले कार्यकाल में उन्होंने धोखेबाज करार दिया था।

अमेरिका और ईरान के बीच का टकराव भी भारत के लिए मुसीबत बना हुआ है। इस टकराव के चलते ईरान ने जिस तरह होर्मुज समुद्री मार्ग बाधित कर रखा है, उससे सबसे अधिक प्रभावित होने वाले देशों में भारत प्रमुख है। अमेरिका-ईरान टकराव के कारण जो विश्वव्यापी ऊर्जा संकट पैदा हुआ है, उसके लिए अमेरिका ही अधिक जिम्मेदार है।

यह स्वाभाविक है कि अमेरिकी विदेश मंत्री और भारतीय प्रधानमंत्री के बीच वार्ता में पश्चिम एशिया संकट यानी ईरान का मुद्दा भी अवश्य चर्चा में आया होगा। भारत के लिए यह आवश्यक है कि वह इस पर जोर दे कि अमेरिका पश्चिम एशिया संकट प्राथमिकता के आधार पर सुलझाए। इसी तरह वह व्यापार समझौते को अंतिम रूप देने की दिशा में आगे बढ़े। यह ठीक है कि भारत रवाना होने के पहले अमेरिकी विदेश मंत्री ने भारत को एक महान देश और साझेदार बताते हुए यह कहा कि उसके साथ कई क्षेत्रों में काम करना है, लेकिन अभी तो ऐसा होता हुआ दिखाई नहीं दे रहा है।

पहली बार भारत यात्रा पर आए अमेरिकी विदेश मंत्री ने अपनी यात्रा का उद्देश्य व्यापार, रक्षा, ऊर्जा सुरक्षा, तकनीकी सहयोग के साथ हिंद-प्रशांत क्षेत्र में मिलकर काम करना बताया। देखना है कि उनकी यह यात्रा इन उद्देश्यों को पूरा करने में सहायक बन पाती है या नहीं? नि:संदेह देखना यह भी होगा कि अमेरिका चार देशों के संगठन क्वाड को लेकर कितनी गंभीरता का परिचय देता है?

## विशेष आलेख

# लीक, रद्द और दोबारा परीक्षा... छात्रों ने कहा - अब नहीं चाहिए यह सिस्टम; नया प्लान - विदेश रवाना




पिछले सप्ताह जयपुर में केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के खिलाफ कांग्रेस ने प्रदर्शन किया। 'धर्मेंद्र प्रधान इस्तीफा दो' के नारे सुनने में आए और प्रधानमंत्री पर भी अंगुली उठाई गई 'नीट' में फिर प्रश्नपत्र लीक होने को लेकर। आक्रोश इतना था प्रदर्शनकारियों में कि भीड़ को काबू में लाने के लिए आंसू गैस छोड़नी पड़ी। भीड़ को देखकर मेरे मन में एक ही सवाल उठा बार-बार और वह यह कि इतना आक्रोश क्यों नहीं हम देख रहे हैं उन छात्रों में, जिनको दोबारा परीक्षा देनी पड़ेगी। दो साल पहले जब इसी तरह पेपर लीक हुआ था, तो शिक्षा मंत्री ने पहले तो स्वीकार ही नहीं किया कि पेपर लीक हुआ है। जब 'लीक' साबित हुई, तो मंत्रीजी ने प्रेस वार्ता बुलाकर माफी मांगी, लेकिन उसके बाद सुधार के तौर पर अगर कोई कदम उठाए गए हैं, तो इतने चुपके से कि किसी को पता तक नहीं लगा। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) अपने सारे काम चोरी-छिपे क्यों करती है, यह किसी को मालूम नहीं, लेकिन अब सवाल इतने उठने लगे हैं उस पर कि पर्दे के पीछे से इस संस्था को सामने आना ही पड़ेगा, आज नहीं तो कल। इस बार नौबत शिक्षा मंत्री के त्यागपत्र तक आ सकती है। दिल्ली के आला राजनीतिक गलियारों में चर्चा यह है कि धर्मेंद्र प्रधान को प्रधानमंत्री के करीबियों में माना जाता है, इसलिए उनके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं हुई है अभी तक, लेकिन भारतीय उच्च शिक्षा की समस्याएं न उनके रहने से हल होंगी और न ही उनके जाने से।

मेरा मानना है कि भारत का विकसित होने का रास्ता तब तक बंद रहेगा, जब तक हम अपने बच्चों के लिए अच्छे स्कूल-कॉलेज नहीं तैयार करते। इसलिए मैं बहुत दिनों से अपनी बेहाल शिक्षा संस्थाओं पर लिखती आई हूं। जब भी ग्रामीण भारत के दौरों पर जाती हूं, तो प्रयास करती हूं हर गांव में पहले सरकारी स्कूल का हाल जानने की। सो यकीन मानिए, आज तक मैंने एक भी सरकारी स्कूल नहीं देखा है जिसकी तुलना अच्छे निजी स्कूलों से की जा सकती हो। निजी स्कूलों में साफ-सुथरी कक्षाएं होती हैं, अध्यापक होते हैं, जो एक विषय को पढ़ाने के लिए ही रखे जाते हैं। पुस्तकालय होते हैं, खेलकूद के मैदान होते हैं और आज के दौर में एआई की मदद लेकर आधुनिक पढ़ाई होती है। क्या ऐसा सरकारी स्कूल देखा है आपने भारत में? होते ऐसे स्कूल, तो क्या नेता और आला अधिकारी अपने बच्चों को निजी स्कूलों में डालते?

जब शिक्षा की सीढ़ी की पहली पौड़ी ही इतनी कमजोर हो, तो आगे की सीढ़ी कैसे मजबूत हो सकती है? हमारी समस्या यह है कि राजनेताओं ने शुरू से शिक्षा की अहमियत नहीं समझी। जवाहरलाल नेहरू जब प्रधानमंत्री बने, तो उन्होंने उच्च शिक्षा पर ध्यान जरूर दिया, लेकिन यह भूल कर कि आईआईटी जैसी संस्थाओं में वही बच्चे पहुंच सकेंगे, जिनकी अच्छे स्कूलों में पढ़ाई हुई हो। ऐसा ही हुआ है। कुछ मुट्ठी भर भारतीय बच्चे ही शिक्षा की सीढ़ी चढ़ पाए हैं ऊपर तक।

अफसोस कि इनमें से कई लाख, जो सबसे काबिल हैं, जल्दी देश छोड़कर किसी विकसित पश्चिमी देश में काम ढूंढ़ने चले जाते हैं। हाल यह है कि विदेशों से आकर जो डॉक्टर काम कर रहे हैं संयुक्त राज्य अमेरिका में, उनमें से बीस फीसदी भारतीय मूल के हैं यानी बीस डॉक्टरों में से एक भारतीय मूल का होता है। सिलिकॉन वैली में भी ज्यादातर विदेशी कंप्यूटर वैज्ञानिक भारत से ही गए हैं। कहने का मतलब यह है मेरा कि हमारे बच्चों में दिमाग की कोई कमी नहीं है। अभाव है अगर किसी चीज का, तो अच्छे शिक्षा संस्थानों का है। ऐसा हाल अचानक नहीं हुआ है। दशकों से हमारे विश्वविद्यालयों का हाल बदतर होता गया है, इसलिए कि इन पर नियंत्रण रखते हैं नेता अपनी राजनीतिक जरूरतों के लिए, बच्चों को अच्छी शिक्षा देने के लिए नहीं।

शिक्षा पर राजनेताओं का नियंत्रण मजबूत करने के लिए ही नरेंद्र मोदी के दौर में 2017 में राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी बनाई गई। यानी जो लाइसेंस राज पहले से ही था शिक्षा क्षेत्र में, उसको और भी अधिक मजबूत किया गया।

आज जरूरत है इस लाइसेंस राज को समाप्त कर शिक्षा के क्षेत्र में आजादी की ताजी हवा लाने की। हर राज्य को पूरा अधिकार होना चाहिए शिक्षा संस्थाओं को अपने तरीके से चलाने का, बिना केंद्र सरकार के हस्तक्षेप के। ऐसा जब होगा, तो राज्यों में बेहतर शिक्षा संस्थाओं के निर्माण की स्पर्धा शुरू हो जाएगी।

निजी तौर पर मैं मानती हूं कि राज्य सरकारों के हाथ में भी ये संस्थाएं नहीं होनी चाहिए। संयुक्त राज्य अमेरिका में आज अगर दुनिया की सबसे बढ़िया उच्च शिक्षा संस्थाएं हैं, तो इसलिए कि उनको पूरी आजादी है अपना काम अपने तरीकों से करने की। भारत में उल्टा हाल है। हर कदम पर मिलते हैं आपको अधिकारी या सरकारी नौकर, जो शिक्षा में सुधार होने नहीं देते हैं। कुछ ऐसे हैं, जो रिश्वत खाने के बाद रास्ते से हट जाते हैं, लेकिन कुछ ऐसे हैं, जो रिश्वत लेने के बाद भी नहीं हटते हैं।

रही बात पेपर के लीक होने की, तो ऐसा इतनी बार हुआ है कि समझना मुश्किल है कि अभी तक इस गलत चलन को रोकने में सफल क्यों नहीं हुई है केंद्र सरकार? क्या इसलिए कि इस क्षेत्र में सुधार नाम की कोई चीज नहीं हुई है? ऐसा मेरा मानना है, क्योंकि मैंने वे दिन देखे हैं जब दूसरे देशों से भारत आया करते थे छात्र पढ़ाई करने, खासकर दक्षिण-पूर्वी एशिया से। अफसोस कि आज हमारे बच्चे चीन, सिंगापुर और मलेशिया शिक्षा हासिल करने जाते हैं। अफसोस कि इस क्षेत्र में ये देश हमसे बहुत आगे निकल गए हैं।

## स्वास्थ्य समाचार

# वजन घटाने के लिए खाएं ये सलाद सेहत को मिलेंगे कई जबरदस्त फायदे



आज के समय में गलत खानपान और अनियंत्रित जीवनशैली फॉलो करने से वजन बढ़ने की समस्या तेजी से बढ़ रही है। वजन घटाने के लिए लोग सलाद खाना काफी पसंद करते हैं, जो निश्चित तौर पर एक बेहतर विकल्प साबित होता है। वजन घटाने के लिए एक नहीं बल्कि ढेरों ऐसी सब्जियां हैं, जिनका सलाद बनाकर आप आसानी से वजन घटा सकते हैं।

### लोभिया कैरट सलाद

अगर आप वजन घटाना चाहते हैं तो इसके लिए लोभिया कैरट सलाद खा सकते हैं। दरअसल, यह एक हाई फाइबर और लो कैलोरी डाइट है, जो आपको लंबे समय तक पेट भरे रहने का एहसास कराती है। इसे खाने से आपका मोटापा कम होता है। इसे बनाने के लिए आपको लोभिया को भिगोकर रखना है और इसमें गाजर मिलाकर खानी है।

### ब्रोकली सलाद

ब्रोकली सलाद वजन घटाने में बेहद फायदेमंद साबित होती है। इसे खाने से आपका पेट लंबे समय तक भरा रहता है, जिससे आप ओवरईटिंग करने से बचते हैं। इसे बनाने के लिए आपको ब्रोकली, प्याज, अनार और टमाटर को काटकर एकसाथ मिलाकर खाना है।

### टोफू सलाद

टोफू सलाद खाकर आप आसानी से वजन घटा सकते हैं। टोफू में कोलेस्ट्रॉल और कैलोरी काफी कम होती है, जिसे खाने से वजन घटाने में काफी मदद मिलती है। इसे बनाने के लिए टोफू, खीरे के छोटे टुकड़े और गाजर को काटना है और इसमें हल्की दही मिलाकर खा लेना है।

### हम्मस क्रंच सलाद

वजन घटाने के लिए आप हम्मस क्रंच सलाद का भी सेवन कर सकते हैं। इसके लिए आपको हम्मस को पीसकर इसमें पत्ता गोभी, गाजर और कॉर्न के कुछ टुकड़े मिलाने हैं। इसे एकसाथ मिलाकर आप खाने के साथ या फिर लंच में खा सकते हैं।

### नाचोज सलाद

वजन घटाने के लिए आजकल नाचोज का भी काफी ट्रेंड चला है। इसे खाने से आपको कम भूख लगती है, जिससे वजन कम होने में मदद मिलती है। इसे बनाने के लिए आपको मुरमुरे और नाचोज लेने हैं और इसमें खीरे के छोटे-छोटे टुकड़े डालकर खा लें।

### सोया चंक्स सलाद

सोया चंक्स सलाद एक हाई प्रोटीन और फाइबर सलाद है, जो वेट लॉस में काफी अहम भूमिका निभाता है। यह स्वाद के साथ-साथ काफी सेहतमंद भी होता है। इसे बनाने के लिए आपको भीगे हुए सोया चंक्स लेने हैं और इसे दही में मिलाकर खाना है।

### आलू मटर सलाद

वजन घटाने के लिए आप आलू मटर सलाद खाना एक बेहतर विकल्प साबित होता है। आप इसे सुबह नाश्ते या फिर लंच में खा सकते हैं। इसे बनाने के लिए आलू मटर को काटकर रखना है। अब इसमें उपर से मूंगफली और टमाटर डालकर खाना है।

# पीरियड्स में सेहतमंद रहने के लिए जरूर खाएं यह फूड्स



पीरियड के दिनों में महिलाओं को कई तरह की समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। कुछ महिलाओं को इन दिनों में पेट व कमर में दर्द, कमजोरी और थकान महसूस होती है। वहीं, कई महिलाएं सिरदर्द, गैस और ब्लोटिंग से परेशान रहती हैं। हैवी पीरियड्स की वजह से कई बार हीमोग्लोबिन लेवल पर भी असर होता है। कुछ महिलाओं को पीरियड के दिनों में इतना तेज दर्द होता है कि उनके डेली रूटीन पर इसका असर होता है। पीरियड्स के दिनों में सेहतमंद रहने के लिए हेल्दी डाइट बहुत जरूरी है। सही डाइट से न केवल थकान और कमजोरी कम होती है, बल्कि दर्द में भी राहत मिलती है।

### अदरक वाली चाय

अदरक वाली चाय पीरियड्स के कई लक्षणों को कम करने में मदद कर सकती है। इसमें एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण पाए जाते हैं, जो मांसपेशियों को ऐंठन व दर्द को कम करते हैं। दिन में 2 बार आप अदरक वाली चाय पी सकती हैं।

### वॉटर रिच फ्रूट्स खाएं

पीरियड के दिनों में अक्सर महिलाओं को डिहाइड्रेशन हो जाता है। इससे बचने के लिए रोज एक वॉटर रिच फूड जैसे तरबूज और खीरे को डाइट में शामिल करें। इन फलों से न केवल हाइड्रेशन बना रहता है बल्कि मीठे फल पीरियड के दिनों में होने वाली शुगर क्रेविंग्स को कम कर ग्लूकोज लेवल को मैनेज करने में मदद करते हैं।

### हल्दी

हल्दी भी एंटी-इंफ्लेमेटरी गुणों से भरपूर होती है और इसमें मौजूद कर्क्युमिन गुणों से भरपूर होता है। पीरियड के दर्द, फ्लो और पीएमएस के लक्षणों सभी को मैनेज करने में यह कारगर है।

### डार्क चॉकलेट

पीरियड के दिनों में आपको डार्क चॉकलेट को डाइट में जरूर शामिल करना चाहिए। इसमें मौजूद मैग्नीशियम और आयरन सेहत के लिए फायदेमंद होता है। मैग्नीशियम मूड स्विंग्स और स्ट्रेस को कम करता है।

# करंज तेल का इस्तेमाल करने से दूर होती हैं स्किन से जुड़ी यह समस्याएं, इसे लगाने का तरीका

इन दिनों दिल्ली समेत पूरे उत्तर भारत में मौसम करवट ले रहा है। सुबह जब आंखें खुलती है तो सर्द हवाओं की वजह से ठिठुरती हुई ठंड का एहसास होता। जबकि दोपहर में तेज धूप की वजह से गर्मी लगती है और पसीना आता है। बदलते मौसम में सर्दी, खांसी और बुखार के अलावा स्किन और बालों से जुड़ी प्रॉब्लम भी देखने को मिलती है।

इस मौसम में स्किन पर एलर्जी, एक्ने और खुजली की समस्या होती है। वहीं, कुछ लोगों के बाल ज्यादा ड्राई या चिपचिपे हो जाते हैं। इस सीजन में बालों और स्किन को हेल्दी बनाने के लिए आपने कई तरह के टिप्स के बारे में सुना होगा, लेकिन करंज के तेल के बारे में शायद ही सुना हो। प्रकृति को मिले कई तोहफों में से करंज का तेल भी है।

### स्किन को करता है मॉइश्चराइज

करंज तेल ओमेगा-9 और ओमेगा-6 जैसे आवश्यक फैटी एसिड पाए जाते हैं। यह पोषक तत्व त्वचा की नेचुरली मॉइश्चराइज करते हैं। एक्सपर्ट का कहना है कि रोजाना सीमित मात्रा में त्वचा पर करंज का तेल लगाने से त्वचा को हाइड्रेटेड, कोमल और मुलायम बनाए रखने में मदद मिलती है।

### दाग-धब्बों को करता है कम

करंज के तेल में एंटीमाइक्रोबियल गुण पाए जाते हैं, जिसकी वजह से यह तेल दाग-धब्बों को कम करने में मदद कर सकता है। एक्सपर्ट का कहना है कि करंज के तेल के एंटी बैक्टीरियल गुण त्वचा पर मौजूद गंदगी और बैक्टीरिया को खत्म करने में मदद करते हैं। जिसकी वजह से दाग-धब्बों की समस्या कम करने में मदद मिलती है।

### झुर्रियों को करता है कम

करंज के तेल में एंटीऑक्सीडेंट भरपूर मात्रा में पाए जाते हैं जो उम्र से पहले होने वाले झुर्रियों और झाइयों को कम करने में मदद करते हैं। इसके अलावा करंज का तेल त्वचा पर होने वाले एजिंग के निशान को भी कम करने में मदद करता है। रोजाना 2 बूंद करंज का तेल त्वचा पर लगाने से त्वचा की बढ़ती उम्र पर ब्रेक लगाया जा सकता है।

### सूरज की हानिकारक किरणों से करता है बचाव

करंज तेल में प्राकृतिक तत्व पाए जाते हैं, जो त्वचा को सूरज की हानिकारक किरणों से बचाते हैं।

एक्सपर्ट का कहना है कि रोजाना कुछ बूंदें त्वचा पर करंज का तेल लगाने से सूरज की हानिकारक किरणों से बचाव होता है। इसके अलावा यह तेल टैनिंग से भी छुटकारा दिलाता है।

## आज का राशिफल

### मेष

भूले-बिसरे साथी तथा आगंतुकों के स्वागत तथा सम्मान पर व्यय होगा। आत्मसम्मान बना रहेगा। उत्साहवर्धक सूचना प्राप्त होगी। बड़ा काम करने का मन बनेगा। परिवार के सदस्यों की उन्नति के समाचार मिलेंगे। प्रसन्नता रहेगी। किसी व्यक्ति की बातों में न आएं, लाभ होगा।

### वृष

स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। बनते कामों में विघ्न आएंगे। चिंता तथा तनाव रहेंगे। जीवनसाथी से सामंजस्य बैठाएं। फालतू खर्च होगा। कुसंगति से बचें। बेवजह लोगों से मनमुटाव हो सकता है। बेकार की बातों पर ध्यान न दें। आय में निश्चितता रहेगी। मित्रों का सहयोग मिलेगा।

### मिथुन

दु:खद सूचना मिल सकती है, धैर्य रखें। फालतू खर्च होगा। कुसंगति से बचें। बेकार की बातों पर ध्यान न दें। अपने काम पर अधिक ध्यान देने की आवश्यकता है। वाणी पर नियंत्रण रखें। चिंता तथा तनाव रहेंगे। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। व्यवसाय ठीक चलेगा। आय में निश्चितता रहेगी।

### कर्क

यात्रा मनोनुकूल मनोरंजक तथा लाभप्रद रहेगी। भेंट व उपहार की प्राप्ति संभव है। व्यापार-व्यवसाय से मनोनुकूल लाभ होगा। घर-बाहर सफलता प्राप्त होगी। परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी। काम में लगन तथा उत्साह बने रहेंगे। मित्रों के साथ प्रसन्नतापूर्वक समय बीतेगा।

### सिंह

घर-बाहर प्रसन्नतादायक वातावरण रहेगा। नौकरी में चैन महसूस होगा। व्यापार से संतुष्टि रहेगी। संतान की चिंता रहेगी। प्रतिद्वंद्वी तथा शत्रु हानि पहुंचा सकते हैं। मित्रों का सहयोग व मार्गदर्शन प्राप्त होगा। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। यात्रा की योजना बनेगी। प्रसन्नता रहेगी।

### कन्या

पार्टी व पिकनिक का कार्यक्रम बनेगा। स्वादिष्ट व्यंजनों का लाभ मिलेगा। व्यापार-व्यवसाय मनोनुकूल रहेंगे। रचनात्मक कार्य सफल रहेंगे। काम में मन लगेगा। शेयर मार्केट में लाभ रहेगा। नौकरी में सुविधाएं बढ़ सकती हैं। व्यस्तता के चलते स्वास्थ्य का ध्यान रखें। धन प्राप्ति सुगमता से होगी।

### तुला

स्थायी संपत्ति के कार्य बड़ा लाभ दे सकते हैं। बेरोजगारी दूर करने के प्रयास सफल रहेंगे। आय में वृद्धि तथा उन्नति मनोनुकूल रहेंगे। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। पार्टनरों का सहयोग समय पर प्राप्त होगा। यात्रा की योजना बनेगी। घर-बाहर कुछ तनाव रहेगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

### वृश्चिक

स्वास्थ्य का ध्यान रखें। चोट व दुर्घटना से बचें। आय में कमी रह सकती है। घर-बाहर असहयोग व अशांति का वातावरण रहेगा। अपनी बात लोगों को समझा नहीं पाएंगे। ऐश्वर्य के साधनों पर बड़ा खर्च होगा। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। हितैषी सहयोग करेंगे। धनार्जन संभव है।

### धनु

प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। किसी वरिष्ठ व्यक्ति के सहयोग से कार्य की बाधा दूर होकर लाभ की स्थिति बनेगी। परिवार के लोग अनुकूल व्यवहार करेंगे। व्यवसाय ठीक चलेगा। नए लोगों से संपर्क होगा। आय में वृद्धि तथा आरोग्य रहेगा। चिंता में कमी होगी। जल्दबाजी न करें।

### मकर

नई योजना लागू करने का श्रेष्ठ समय है। कार्यप्रणाली में सुधार होगा। सामाजिक कार्य सफल रहेंगे। मान-सम्मान मिलेगा। कार्यसिद्धि होगी। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। घर-बाहर प्रसन्नता का माहौल रहेगा। पारिवारिक सहयोग प्राप्त होगा। बड़ा कार्य करने का मन बनेगा।

### कुंभ

बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। यात्रा मनोरंजक रहेगी। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। नौकरी में सुकून रहेगा। जल्दबाजी में कोई आवश्यक वस्तु गुम हो सकती है। कानूनी अड़चन आ सकती है। विवाद न करें। व्यवसाय ठीक चलेगा। घर-बाहर प्रसन्नता बनी रहेगी।

### मीन

किसी जानकार प्रबुद्ध व्यक्ति का सहयोग प्राप्त होने के योग हैं। तंत्र-मंत्र में रुचि रहेगी। किसी राजनयिक का सहयोग मिल सकता है। लाभ के दरवाजे खुलेंगे। चोट व दुर्घटना से बचें। व्यस्तता रहेगी। थकान व कमजोरी महसूस होगी। विवाद से बचें। धन प्राप्ति होगी। प्रमाद न करें।

## बैठक 27 मई को

बाबूलाल शर्मा

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** जिला खनिज प्रतिष्ठान न्यास की गवर्निंग काउंसिल की बैठक का आयोजन 27 मई को सुबह 11 बजे जिला कलेक्टर डॉ अरुण गर्ग की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में किया जाएगा। बैठक में डीएमएफटी मद में उपलब्ध फण्ड से स्वीकृतियां जारी करने, डीएमएफटी के नवीन नियम 12.06.2025 के अनुसार खनन प्रभावित व्यक्ति/गांवों में विकास कार्यों के प्रस्ताव के संबंध में चर्चा करने, पंचवर्षीय एवं वार्षिक कार्य योजना के संबंध में चर्चा करने, अब तक हुये व्यय का अनुमोदन, एण्डोमेंट फण्ड के संबंध में चर्चा, पूर्व में स्वीकृत कार्यो की प्रगति सहित अन्य बिंदुओं पर चर्चा की जाएगी।

## 29 मई को बनेगा लक्ष्मी नारायण योग

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** बुध ग्रह 29 मई को मिथुन राशि में प्रवेश करेंगे, जहां पहले से शुक्र ग्रह विराजमान हैं। बुध और शुक्र की इस युति से अत्यंत शुभ माने जाने वाला लक्ष्मी नारायण योग बनेगा। ज्योतिष शास्त्र में इस योग को धन, वैभव, सुख-समृद्धि और करियर में उन्नति का कारक माना गया है। इसका विशेष प्रभाव कुछ राशियों के जातकों पर देखने को मिलेगा। पंडित श्रीकृष्ण चंद्र गौड़ ने बताया कि ग्रहों का राशि परिवर्तन कई शुभ योगों का निर्माण करता है, जिसका असर सभी 12 राशियों पर पड़ता है।

## मोतियाबिंद जांच व नेत्र लेंस प्रत्यारोपण शिविर 27 को

निसं

**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** रतनगढ़ माहेश्वरी सभा ट्रस्ट, शंकरा आई हॉस्पिटल व जिला अंधता निवारण समिति जयपुर के संयुक्त तत्वावधान में 39 वां नि:शुल्क मोतियाबिंद जांच व नेत्र लेंस प्रत्यारोपण शिविर का आयोजन 27 मई माहेश्वरी भवन होगा। शिविर प्रभारी व ट्रस्टी नरेंद्र झंवर ने बताया कि इन्द्रचन्द थर्ड वेलफेयर ट्रस्ट कोलकाता के द्वारा लगने वाले शिविर में मरीजों की नि:शुल्क मोतियाबिंद जांच व आधुनिक तकनीक द्वारा बिना टांके का ऑपरेशन जयपुर ले जाकर किया जाएगा। शिविर में सभी प्रकार की व्यवस्थाएं पूर्णता नि:शुल्क रहेगी।

## पद्म पुरस्कार 2027 के लिए ऑनलाइन आवेदन 15 जुलाई तक आमंत्रित

सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर ( नवयत्न )।** अतिरिक्त जिला कलेक्टर शहर भावना शर्मा ने बताया कि प्रत्येक वर्ष गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर देश के प्रतिष्ठित पद्म पुरस्कारों की घोषणा की जाती है। इसी क्रम में पद्म पुरस्कार 2027 के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया 15 मार्च 2026 से प्रारंभ हो चुकी है, जिसकी अंतिम तिथि 15 जुलाई 2026 निर्धारित की गई है। उन्होंने बताया कि पद्म पुरस्कार के लिए आवेदन केवल राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन ही स्वीकार किए जाएंगे। उन्होंने सभी संबंधित विभागों एवं संस्थाओं को निर्देशित किया है कि वे पद्म पुरस्कार के लिए योग्य उम्मीदवारों के प्रस्ताव अभिशंसा सहित जिला कलेक्टर कार्यालय में प्रेषित करें। साथ ही संभावित उम्मीदवारों को समय रहते ऑनलाइन आवेदन करने के लिए भी निर्देशित किया जाए।

## प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार 2026 के लिए ऑनलाइन आवेदन 31 जुलाई तक

सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर ( नवयत्न )।** सहायक निदेशक जिला बाल संरक्षण इकाई एवं बाल अधिकारिता विभाग, सीकर गार्गी शर्मा ने बताया कि भारत सरकार द्वारा प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार बच्चों को विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान के लिए प्रदान किया जाता है। उन्होंने बताया कि जिले में 31 जुलाई 2026 तक 18 वर्ष से कम आयु के ऐसे बालक एवं बालिकाएं, जिन्होंने वीरता, समाज सेवा, पर्यावरण, खेल, कला एवं संस्कृति तथा विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य किया है, वे प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार 2026 के लिए नामांकन के पात्र हैं। उन्होंने बताया कि भारत सरकार द्वारा प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार 2026 हेतु उपयुक्त नामांकन आमंत्रित किए गए हैं। इच्छुक बालक एवं बालिकाएं राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल के माध्यम से 31 जुलाई 2026 तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

## सुनवाई 19 जून को

सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर ( नवयत्न )।** सार्वजनिक निर्माण विभाग खण्ड प्रथम सीकर के अधिशाषी अभियंता सुधीर कुमार ने बताया कि कोटपूतली-किशनगढ़ (ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे) के निर्माण कार्य के लिए पर्यावरण स्वीकृति के तहत क्षेत्रीय अधिकारी राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल किशनगढ़, अजमेर द्वारा 19 जून 2026 को सुबह 11 बजे पंचायत समिति खण्डेला, जिला सीकर में आमजन की सुनवाई आयोजित की जायेगी।

## 1008 आसनों पर अखंड श्रीरामचरितमानस पाठ का आयोजन 30 को

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** पवित्र पुरुषोत्तम अधिकमास में छोटीकाशी में बड़ी संख्या में कथा-संकीर्तन-परिक्रमा के आयोजन होंगे। आराध्य देव गोविंद देव जी मंदिर स्थित सत्संग भवन में 1008 आसनों पर अखंड श्रीरामचरितमानस पाठ का आयोजन किया जाएगा। यह आयोजन 30 मई को प्रात: 8 बजे से 31 मई को प्रात: 11 बजे तक निरंतर 24 घंटे चलेगा। त्रिवेणीधाम की परंपरा के अनुसार प्रत्येक अधिक मास में इस प्रकार का अखंड पाठ आयोजित किया जाता रहा है। इसी परंपरा के अंतर्गत इस वर्ष भी त्रिवेणीधाम सेवा समिति एवं विभिन्न सत्संग मंडलों के सहयोग से यह आयोजन किया जा रहा है। आयोजन से जुड़े चंद्रमहेश झालानी ने बताया कि 1008 आसनों पर श्रद्धालु सामूहिक रूप से पाठ में भाग लेंगे। आसन की बुकिंग पूर्णत: नि:शुल्क है तथा प्रथम आओ, प्रथम पाओ के आधार पर की जा रही है। इच्छुक श्रद्धालु अपने आसन सत्संग मंडलों अथवा आयोजन स्थल पर गोविंद देवजी मंदिर के प्रवेश द्वार के पास प्रात: झांकियों के समय बुक कर सकते हैं।

### मिलेगा संतों का सान्निध्य

यह आयोजन संतों एवं महंतों के सानिध्य में सम्पन्न होगा। खोजीजी द्वाराचार्य महं रामरिछपालदासजी महाराज त्रिवेणीधाम, ब्रह्मपीठाधीश्वर महंत रामरतनदासजी महाराज डाकोर धाम गोविंद देवजी मंदिर के महंत अंजन कुमारजी गोस्वामी का सानिध्य रहेगा। व्यासपीठ पर श्रीरामजी महाराज मिथलावासी विराजमान रहेंगे। कार्यक्रम में भाग लेने वाले भक्तों को श्रीरामायणजी की पुस्तक स्वयं लानी होगी। आयोजन पूर्णत: नि:शुल्क रहेगा। इस कार्यक्रम में श्री त्रिवेणीधाम सत्संग मण्डल, जयपुर श्री गुरूकृपा सत्संग मण्डल, विद्याधर नगर, श्री नारायण सत्संग मण्डल, शास्त्रीनगर, श्री बजरंग सत्संग मण्डल, मालवीय नगर, श्री शिव सत्संग मण्डल, रामनिवास बाग, श्री राम सत्संग मण्डल, मुरलीपुरा, श्री रामानन्द सत्संग मण्डल, ढहर का बालाजी तथा श्री त्रिवेणीधाम सत्संग मण्डलए शाहपुरा सहित विभिन्न मंडलों का सहयोग रहेगा।




# रन फॉर वेलनेस में धावकों ने अल्ट्रा रनर जोशी के साथ लगाई दौड़

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** जयपुर रनर्स क्लब और ऑरिक मिल्स के संयुक्त तत्वावधान में रविवार सुबह रन फॉर वेलनेस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों को स्वास्थ्य, फिटनेस और सही पोषण के प्रति जागरूक करना रहा। आयोजन का मुख्य आकर्षण देश के प्रसिद्ध अल्ट्रा रनर कार्तिक जोशी रहे, जो कारगिल से कन्याकुमारी तक करीब 4200 किलोमीटर की दौड़ के जरिए फिटनेस और राष्ट्र जागरूकता का संदेश दे रहे हैं।

सुबह 5:45 बजे जनपथ, लालकोठी स्थित ऑरिक मिल्स एक्सपीरियंस एंड इनोवेशन सेंटर से रन को फ्लैग.ऑफ किया गया। इस दौरान जयपुर रनर्स क्लब के प्रेसिडेंट प्रवीण तिजारिया, को फाउंडर मुकेश मिश्रा, रवि गोयनका, ऑरिक मिल्स के सीईओ नीरज पेरीवाल सहित कई पदाधिकारी मौजूद रहे। रन का आयोजन 3, 6 और 9 किलोमीटर श्रेणियों में किया गया। कार्यक्रम से पहले प्रतिभागियों के लिए जुम्बा, वॉर्म-अप और कूल-डाउन एक्सरसाइज करवाई गई। समापन पर सम्मान समारोह और हेल्दी ब्रेकफास्ट का आयोजन हुआ। इस दौरान कार्तिक जोशी को फिटनेस जागरूकता फैलाने, जबकि ऋषभ डागा को राजस्थान के सबसे कम उम्र के आयरनमैन बनने पर सम्मानित किया गया। आयोजकों ने कहा कि क्लब का उद्देश्य केवल रनिंग इवेंट आयोजित करना नहीं, बल्कि समाज में फिटनेस, अनुशासन और स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देना है। वहीं ऑरिक मिल्स ने प्राकृतिक और पोषणयुक्त आहार अपनाने का संदेश दिया।

## कथा के दौरान राम व कृष्ण जन्मोत्सव मनाया

जयपुर (नवयत्न)। छोटी काशी में अधिमास के अवसर पर धार्मिक आयोजनों और भागवत कथाओं का दौर जारी है। चांदपोल बाजार स्थित नींदड़ राव जी के रास्ते में मंदिर नृसिंह अग्रवाल पंचायत समिति में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है। कथा के चौथे दिन राम जन्मोत्सव और कृष्ण जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। व्यासपीठ से कथावाचक गोपाल दास महाराज ने संगीतमय वाणी में कथा श्रवण कराते हुए कहा कि जब-जब धरती पर पाप का भार बढ़ता है, तब भगवान अपने भक्तों की रक्षा के लिए अवतार लेते हैं। कृष्ण जन्मोत्सव के दौरान बधाई गीतों के बीच कपड़े, खिलौने, सूखे मेवे, फल और लड्डुओं की जमकर उछाल हुई। इस अवसर पर कृष्ण जन्म की आकर्षक झांकी सजाई गई तथा श्रद्धालुओं ने भक्ति नृत्य कर नंदोत्सव मनाया। आयोजकों ने बताया कि कथा का शुभारंभ 21 मई को भव्य कलश यात्रा के साथ हुआ था। कथा के दौरान प्रतिदिन धार्मिक प्रसंगों का रसपान कराया जा रहा है।



# जनगणना-2027 : मकान सूचीनकरण एवं मकानों की गणना का कार्य प्रगति पर

निसं

**चूरू ( नवयत्न )।** प्रमुख जनगणना अधिकारी एवं जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा के निर्देशन में जिले में जनगणना-2027 के प्रथम चरण मकान सूचीनकरण एवं मकानों की गणना का कार्य निर्धारित दिशा-निर्देशों के अनुरूप सतत एवं व्यवस्थित रूप से संचालित किया जा रहा है। जिले के 21 चार्ज क्षेत्रों में नियुक्त प्रगणकों ने रविवार को घर-घर पहुंचकर आवासीय सुविधाओं एवं भवन संबंधी जानकारियों का संकलन किया।

जिला प्रशासन द्वारा इस महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य की सतत मॉनिटरिंग भी की जा रही है। इसी क्रम में जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा के निर्देशानुसार उपखंड अधिकारियों व चार्ज अधिकारियों ने भी फील्ड जनगणना कार्य का पर्यवेक्षण कर रहे हैं ताकि जनगणना प्रक्रिया समयबद्ध एवं त्रुटिरहित रूप से पूर्ण हो सके। घर घर संपर्क के दौरान प्रगणकों ने मकानों की स्थिति, उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं, आवासीय उपयोग तथा अन्य आवश्यक तथ्यों से संबंधित आंकड़े जुटाए।



## रिव्यू बोर्ड में चयनित 41 अभ्यर्थियों का दस्तावेज सत्यापन कल

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** पुलिस कमिश्नरेट जयपुर में कांस्टेबल सामान्य ड्यूटी के पदों पर रिव्यू चयन बोर्ड द्वारा अंतिम रूप से चयनित किए गए 41 अभ्यर्थियों की सूची जारी कर दी गई है। इन सभी चयनित अभ्यर्थियों के मूल दस्तावेजों का सत्यापन और स्वास्थ्य परीक्षण आगामी 26 मई 2026 को सुबह 9 बजे से किया जाएगा। पुलिस उपायुक्त मुख्यालय जयपुर पुलिस कमिश्नरेट राजेश कावंत ने बताया कि कांस्टेबल सामान्य ड्यूटी के कुल 674 रिक्त पदों पर भर्ती के लिए लिखित परीक्षा और शारीरिक दक्षता परीक्षा आयोजित की गई थी। पूर्व में चयनित अभ्यर्थियों में से कई उम्मीदवारों के दस्तावेज सत्यापन व स्वास्थ्य परीक्षण में अनुपस्थित रहने, नियुक्ति के अनिच्छुक होने, अन्यत्र नियोजन, स्वास्थ्य परीक्षण में स्थाई रूप से अयोग्य होने, आपराधिक प्रकरणों में अपात्र पाए जाने और खेल कोटे जैसे विभिन्न कारणों से पद रिक्त रह गए थे। इन रिक्त पदों को भरने के लिए रिव्यू चयन बोर्ड का गठन कर 41 नए अभ्यर्थियों का अंतिम रूप से चयन किया गया है। इस रिव्यू में चयनित सभी 41 अभ्यर्थियों को 26 मई 2026 को प्रात: 6 बजे रिजर्व पुलिस लाइन चांदपोल जयपुर में अनिवार्य रूप से उपस्थित होना होगा। अभ्यर्थियों को अपने साथ ऑनलाइन आवेदन पत्र की प्रति, दो पासपोर्ट साइज रंगीन फोटो और विज्ञप्ति में वर्णित सभी आवश्यक मूल दस्तावेज (एजुकेशन सर्टिफिकेट, जाति प्रमाण पत्र, मूल निवास आदि) मय स्व-प्रमाणित प्रतियों के साथ लाने होंगे। चयनित अभ्यर्थियों को दस्तावेज सत्यापन के समय एक निर्धारित प्रारूप में इशारे/शपथपूर्वक घोषणा पत्र भी प्रस्तुत करना होगा। इस शपथपत्र में अभ्यर्थियों को यह प्रमाणित करना होगा कि पात्रता जांच और दस्तावेज सत्यापन के लिए अपलोड किए गए उनके सभी मूल दस्तावेज पूरी तरह वैध और असली हैं। यदि किसी भी स्तर पर कोई दस्तावेज कूटरचित या तथ्य छुपाया हुआ पाया जाता है तो राजस्थान पुलिस को संबंधित अभ्यर्थी की पात्रता निरस्त करने और उसके खिलाफ वैधानिक/कानूनी कार्रवाई करने का पूर्ण अधिकार होगा। पुलिस प्रशासन ने साफ चेतावनी दी है कि जो अभ्यर्थी निर्धारित तिथि 26 मई 2026 को दस्तावेज सत्यापन और स्वास्थ्य परीक्षण के लिए उपस्थित नहीं होंगे, उन्हें भविष्य में अन्य कोई अवसर नहीं दिया जाएगा। ऐसे अभ्यर्थियों को नियुक्ति का अनिच्छुक मानते हुए उनकी अभ्यर्थिता/पात्रता स्वत: ही निरस्त कर दी जाएगी। चयनित अभ्यर्थियों की विस्तृत सूची और विस्तृत निर्देश राजस्थान पुलिस की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध करा दिए गए हैं।

# संडेज ऑन साइकिल कार्यक्रम आयोजित



निसं


**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** संडेज ऑन साइकिल कार्यक्रम का रविवार को सुबह आयोजन किया गया। न्यायालय परिसर से रैली रवाना हुई जो कि डीएसपी ऑफिस तक पहुंचकर विसर्जित हुई। रैली में डीएसपी दरजाराम बोस, सीआई बैगाराम मीणा, सदर थाने के सीआई पुष्पेंद्र झाझड़िया, प्रशासक सविता राठी, टीम हारे का सहारा के संयोजक श्याम स्वर्णकार, सैयद अली हसन, विक्रम रोलण, कॉमरेड जगदीश नाथ, बनवारीलाल भार्गव सहित अनेक लोग व पुलिसकर्मी रैली में शामिल हुए।

# कंचनजंगा, सिक्किम की भूमि, स्मृति और चेतना का रक्षक : पीएम मोदी

नई दिल्ली

सिक्किम के राज्य बनने के 51वें वर्ष में प्रवेश करने के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य एम. सिंधिया द्वारा लिखित एक लेख साझा किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि लेख में कंचनजंगा का विशेष जिक्र किया गया है और इसे सिक्किम की भूमि, स्मृति और चेतना का रक्षक बताया गया है। प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर पोस्ट किया,जैसे ही सिक्किम अपने राज्य के दर्जे के 51वें वर्ष में प्रवेश कर रहा है, केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य एम. सिंधिया ने कंचनजंगा के बारे में लिखा है, और इसकी प्रशंसा करते हुए इसे सिक्किम की भूमि, उसकी स्मृतियों और उसकी चेतना का रक्षक बताया है। उन्होंने इस बात की जानकारी दी है कि कंचनजंगा के पांच रत्न राज्य की यात्रा को लगातार उवल बना रहे हैं, और 'विकसित सिक्किम 2047' की दिशा में मार्ग प्रशस्त कर रहे हैं। केंद्रीय मंत्री ने लिखा कि कंचनजंगा, जिसे पर्वत श्रृंखला कहा जाता है, हमारी कल्पना में लुंगता प्रार्थना झंडों, बादलों और बर्फ से ढकी दूर स्थित हिमालयी चोटियों के रूप में उभरता है। सिक्किम की लगभग एक चौथाई भूमि कंचनजंगा राष्ट्रीय उद्यान के अंतर्गत आती है। सदियों से, कंचनजंगा स्थानीय समुदायों की लोककथाओं में एक पवित्र सभ्यतागत शक्ति के रूप में विराजमान रहा है।

महान लामा ल्हात्सुन चेनपो ने इस मान्यता की काव्यात्मक व्याख्या करते हुए पांचों चोटियों को शाश्वत बर्फ के पांच खजाने कहा है, उगते सूरज से सबसे अधिक चमकती चोटी सोने का खजाना है, ठंडी छाया में रहने वाली चोटी चांदी का भंडार है, और अन्य चोटियां रत्नों, अनाजों और पवित्र ग्रंथों के भंडार हैं।



केंद्रीय मंत्री ने कहा कि सिक्किम के 51वें राज्य स्थापना दिवस समारोह के लिए हाल ही में की गई अपनी यात्रा के दौरान, यह कहावत समकालीन प्रासंगिकता के साथ फिर से सामने आई। सिंधिया ने कहा, पहला खजना सोना है, और सिक्किम अपने लोगों से कहीं अधिक समृद्ध है। विकास तभी स्थायी होता है जब वह समुदायों के विश्वास से पनपता है, और सिक्किम लेपचा, भूटिया और नेपाली समुदायों की एकता और सामाजिक सद्भाव में इस सत्य का ठोस प्रमाण प्रस्तुत करता है।

उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि दूसरा खजाना, चांदी, सिक्किम की प्राकृतिक सुंदरता और जैव विविधता में झलकता है। तीस्ता और रंगीत नदियां घने जंगलों और बादलों के बीच से बहती हुई दिखाई देती हैं, जबकि चाय बागानों की ढलानों पर बिना खिले चेरी के पेड़ सर्दियों के आगमन की प्रतीक्षा में खड़े हैं।

तीसरा रत्न हैं, और सिक्किम में ये रत्न सांस्कृतिक, आध्यात्मिक और सभ्यतागत हैं। ये विभिन्न मठों में, रावांगला के भव्य बुद्ध पार्क में, घाटी को देखने वाले भलेधुंगा स्काईवॉक में और स्वयं गुरु पद्मसंभव द्वारा आशीर्वादित पवित्र स्थल में दिखाई देते हैं। सिक्किम आज की अशांत दुनिया में आध्यात्मिकता की एक ऐसी भावना को संरक्षित रखता है जो अत्यंत मूल्यवान और पवित्र प्रतीत होती है। मंत्री ने कहा कि यह आध्यात्मिक विरासत अब आधुनिक आकांक्षाओं के साथ सह-अस्तित्व में है।

उन्होंने आगे कहा कि चौथा खजाना, अनाज, जीवनयापन की कहानी बयां करता है। सिक्किम का 100 प्रतिशत जैविक राज्य बनना समकालीन भारत की सबसे महत्वपूर्ण विकासात्मक उपलब्धियों में से एक है। जैविक खेती, इलायची की खेती और सतत कृषि में राज्य की सफलता यह दर्शाती है कि पर्वतीय पारिस्थितिकी तंत्र किस प्रकार समृद्ध स्थानीय अर्थव्यवस्थाओं को सहारा दे सकते हैं।

मंत्री ने आगे कहा कि पांचवां खजाना, पवित्र ग्रंथ, सिक्किम की बुद्धिमत्ता है। यह शिक्षा में निहित है, जहां नामची में सिक्किम राज्य विश्वविद्यालय के नए शिक्षण संस्थान और स्थायी परिसर एक ऐसे भविष्य को दर्शाते हैं जो परंपरा का सम्मान करते हुए ज्ञान, कौशल और नवाचार के द्वार खोलता है। विकसित भारत का भविष्य काफी हद तक इस बात पर निर्भर करेगा कि ये संस्थान देश के सीमावर्ती क्षेत्रों में प्रतिभाओं का कितनी प्रभावी ढंग से पोषण करते हैं।

## शुक्र करेंगे पुनर्वसु नक्षत्र में गोचर

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** मई के अंत में शुक्र गुरु के स्वामित्व वाले पुनर्वसु नक्षत्र में प्रवेश करने जा रहे हैं, जिसे बेहद शुभ माना जाता है। इस दौरान कुछ राशियों के जातकों को आर्थिक लाभ, रिश्तों में मजबूती और करियर में नई उपलब्धियां मिल सकती हैं। 31 मई से 11 जून तक का यह समय खासतौर पर 4 राशियों के लिए बेहद लाभकारी रहने के संकेत दे रहा है। ज्योतिषाचार्य डॉ महेन्द्र मिश्रा ने बताया कि ज्योतिष शास्त्र में शुक्र ग्रह को सुख, वैभव, प्रेम और भौतिक आनंद का कारक माना जाता है। जब शुक्र किसी शुभ नक्षत्र में प्रवेश करते हैं, तो इसका प्रभाव कई राशियों के जीवन पर सकारात्मक रूप से देखने को मिलता है।

## बैठक आज

सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर ( नवयत्न )।** जिला पेंशन निस्तारण समिति एवं कोषाधिकारी सीकर विक्रम सिंह ने बताया कि जिला स्तरीय पेंशन निस्तारण समिति की समीक्षा बैठक 25 मई को प्रात: 11 बजे जिला कलेक्ट्रेट सभागार सीकर में जिला कलेक्टर आशीष मोदी की अध्यक्षता में आयोजित की जायेगी।

# बंगाल के फालता में पहली बार भाजपा जीती

कोलकाता।

पश्चिम बंगाल की फालता सीट पर रविवार को आए चुनावी नतीजे में भाजपा को जीत मिली। बीजेपी उम्मीदवार देबांग्शु पांडा ने 1 लाख से ज्यादा वोटों के अंतर से जीत हासिल की। उन्हें 1.49 लाख से ज्यादा वोट मिले। सीपी (एम)के उम्मीदवार शंभूनाथ कुर्मी 40 हजार वोट के साथ दूसरे नंबर पर रहे। वहीं चुनाव से पीछे हटने वाले टीएमसी के जहांगीर चौथे नंबर पर रहे। फालता में 74 साल के इतिहास में भाजपा ने पहली बार जीत हासिल की है। 1952 से 2006 तक यह कांग्रेस और सीपी (एम)का गढ़ था। 2011 के बाद लगातार तीन बार टीएमसी जीती थी। फालता में जीत के साथ भाजपा की बंगाल में कुल सीटें 208 हो गईं हैं। 4 मई को आए रिजल्ट में भाजपा को 207 सीटें मिलीं थीं। टीएमसी के खाते में सिर्फ 80 सीटे हैं।

# ब्लड शुगर घटाने से लेकर इम्युनिटी बढ़ाने तक बरगद के फल का उपयोग करने से आपको होगें ये लाभ



उत्तर भारत के कई राज्यों में वट वृक्ष यानी बरगद के पेड़ की पूजा की जाती है। पर क्या आप जानती हैं कि इस पेड़ में कई औषधीय तत्व भी होते हैं। बरगद के पेड़ के फल में प्राकृतिक खनिज होते हैं। जो उच्च रक्त चाप को कम करने और कोरोनरी हृदय रोग को रोकने के लिए बहुत उपयोगी होता है। बरगद के पेड़ का फल फिकस कैरिका प्रजाति का है। यह 3-5 सेंटीमीटर लंबा फल है जिसमें कई छोटे गूदे होते हैं। सिर्फ यही नहीं इस पेड़ में मौजूद फूल से लेकर फल तक और जड़ से लेकर पत्तियों तक इन सब में पौष्टिक तत्व होता है।

### हार्ट अटैक से बचाता है

हार्ट अटैक दुनिया की नंबर एक जानलेवा बीमारी है। वसा के अलावा जो धमनी को बंद कर देता है, हृदय रोग जैसे कोरोनरी हृदय रोग मानव के उच्च सोडियम स्तर के कारण हो सकता है। उच्च सोडियम स्तर धमनी को संकुचित करता है और पूरे शरीर में रक्त के वितरण को धीमा कर देता है। बरगद के पेड़ के फल के पोषण मूल्य के बारे में शोध के आधार पर, यह पाया गया है कि बरगद के फल में उच्च मात्रा में पोटेशियम होता है, जो शरीर के सोडियम स्तर को कम करने के लिए अच्छा होता है। इसमें मैग्नीशियम, फॉस्फोरस, ओमेगा 3 और 6 जैसे प्राकृतिक खनिज भी होते हैं, और पॉलीफेनॉल जो रक्तचाप को कम करने और कोरोनरी हृदय रोग को रोकने के लिए उपयोगी होता है। विशेषज्ञों का कहना है कि दिन में कम से कम एक बार बरगद के पेड़ के फल का सेवन करने से अचानक दिल का दौरा पड़ने का खतरा कम हो जाएगा।

### इम्यूनिटी बूस्ट करें

स्वस्थ जीवन के लिए मजबूत प्रतिरक्षा अत्यंत आवश्यक है। इम्युनिटी आपको बीमारियों से लड़ने में मदद करती है और आपको उनसे बचाती है। एनसीबीआई के अनुसार इसकी पत्तियों में कुछ



खास तत्व जैसे :- हेक्सेन, ब्यूटेनॉल, क्लोरोफॉर्म और पानी मौजूद होता है। ये सभी तत्व संयुक्त रूप से प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाने में सहायक साबित होते हैं। बरगद के पेड़ की छाल एक अच्छा प्रतिरक्षा बढ़ाने वाला एजेंट है।

### दस्त और पेचिश

बरगद के पत्ते की कलियां पुराने दस्त और पेचिश के इलाज में फायदेमंद होती हैं। इन रोगों के उपचार में कलियों को रात भर पानी में भिगोकर जलसेक के रूप में लेना चाहिए। लेटेक्स दस्त और पेचिश के उपचार में भी उपयोगी है।

### वजन कम करने में सहायक

बरगद के पेड़ का फल जादुई रूप से वजन बढ़ाने और घटाने दोनों में सक्षम है। वजन बढ़ाने के लिए हम सोने से ठीक पहले बरगद के पेड़ के फलों के रस का नियमित रूप से दूध के साथ सेवन कर सकते हैं। बरगद के फल में निहित आहार फाइबर हमारे शरीर में वसा की मात्रा को जोड़े बिना वजन बढ़ाने और एक चुस्त शरीर देने में सक्षम है। वहीं वजन कम करने के लिए हम बरगद के पेड़ के फलों का जूस बिना दूध और चीनी के पी सकते हैं। नियमित व्यायाम के साथ ही यह उपचार प्रभावी होगा।

### डिप्रेशन को कम करता है

डिप्रेशन की समस्या में भी बरगद के पेड़ को लाभकारी माना गया है। दरअसल, एनसीबीआई के छपे लेख के अनुसार बरगद पर किए गए एक शोध में इस बात का जिक्र मिलता है कि बरगद के संपूर्ण पेड़ में कुछ ऐसे तत्व मौजूद होते हैं, जो मानसिक क्षमता को बढ़ाने के साथ चिंता और तनाव की समस्या को दूर करने में सक्षम हैं। वहीं, यह दिमाग की नसों को भी आराम पहुंचाते हैं।

### रक्त शर्करा को नियंत्रित करता है

बरगद के पेड़ का फल अपनी मिठास के लिए जाना जाता है और डॉक्टर मधुमेह रोगियों के लिए कुछ मीठा खाने की सलाह नहीं दे सकते हैं। हालांकि, बरगद के पेड़ का फल मीठा होता है, लेकिन इसमें मौजूद फ्रूक्टोज और ग्लूकोज आपके ब्लड शुगर को नहीं बढ़ाएंगे। फ्रूक्टोज और ग्लूकोज के अलावा, बरगद के पेड़ के फल में असंतृप्त फाइबर और कार्बोहाइड्रेट भी होते हैं, जो आपके पाचन तंत्र पर अतिरिक्त चीनी अवशोषण की प्रक्रिया को धीमा कर देंगे। इसके अतिरिक्त, पोटेशियम हमारे भोजन के बाद अवशोषित चीनी की मात्रा को नियंत्रित करने में मदद करेगा।

# बालों की इन समस्याओं को दूर करता है आंवला

कम उम्र में बाल टूटना व झड़ना किसी समस्या से कम नहीं है। आज के समय में अधिकांश युवा बालों के टूटने, उनके असमय सफेद होने और गंजेपन की समस्या से परेशान हैं। दिन में कुछ बाल टूटना साधारण और सामान्य प्रक्रिया मानी जाती है। अगर दिनभर में आपके 40 से 50 बाल टूट रहे हैं तो यह आपके बालों को नुकसान पहुंचा सकता है। क्या आप भी उन्हीं लोगों में शामिल हैं, जिनके बाल समय से पहले टूटते, झड़ते और सफेद होते हैं? अगर हां, तो इस लेख के माध्यम से हम आपको बालों की समस्याओं को दूर करने का एक अचूक नुस्खा बताएंगे। जी हां, ऐसी समस्याओं से निजात पाने के लिए आंवले को बेहद कारगर माना जाता है। आंवले के औषधीय गुणों से तो आप बखूबी वाकिफ होंगे, लेकिन क्या आपने बालों पर कभी आंवले का प्रयोग किया है अगर नहीं तो चलिए जानते हैं आंवला बालों की किन समस्याओं को दूर करने में मददगार साबित होता है।



### बाल सफेद होने से बचाए

आंवले को सफेद बालों की समस्या दूर करने के लिए एक रामबाण औषधी माना गया है। आंवला विटामिन सी के साथ ही एंटी ऑक्सीडेंट्स का भंडार माना जाता है, जो आपके बालों को सफेद होने से रोकता है। आंवला आपके बालों में आई सफेदी को कम कर उन्हें प्राकृतिक रूप से काला करने में भी मदद करता है। इसके लिए आपको आंवले के साथ तुलसी की पत्तियों को पीसकर उन्हें पानी में डालकर मिलाना है। अब थोड़ा ढ़ीला होने के बाद इसे अपने स्कैल्प पर मलें और करीब आधे घंटे बाद बाल धो लें।

### बालों का रूखापन दूर करे

बहुत से लोगों के बालों में रूखापन आ जाता है और उनके बालों की प्राकृतिक चमक चली जाती है। अगर आपके साथ भी ऐसा है तो आंवला आपकी मदद कर सकता है। आंवले में पाए जाने वाले गुण आपके बालों की चमक को प्राकृतिक रूप से निखारने में मदद करते हैं। इसके लिए स्कैल्प में आंवले के रस को लगाना सबसे बेहतर माना जाता है। आपको आंवले के रस से स्कैल्प और बालों की मसाज करनी है। आंवले का जूस आपके बालों की जड़ों तक जाकर उन्हें अंदरूनी तौर पर साफ और नरिश करता है, जिससे बालों में चमक आती है।

### बालों का झड़ना कम करे

आंवला आपके बालों के झड़ने की समस्या पर भी विराम लगाने में मददगार होता है। इसमें पाए जाने वाला विटामिन सी आपकी शरीर में एंटी ऑक्सडेंट्स को बढ़ाने में सक्षम होता है। विटामिन सी आपके कोलाजन का विकास करने के साथ ही फ्री रेडिकल्स से भी छुटकारा दिलाने में असरदार होता है। जिससे आपके बालों का टूटना कम होता है। इसके लिए आप आंवला और नारियल के तेल का प्रयोग कर सकते हैं। इसमें विटामिन सी की प्रचुरता काफी हद तक बालों का टूटना कम करती है। इसके लिए नारियल के तेल को आंवला पाउडर के साथ मिलाएं और इसे बालों पर कुछ देर तक लगाकर छोड़ दें। करीब आधे घंटे बाद इसे धो लें।

### डैंड्रफ दूर करने में मददगार

डैंड्रफ की समस्या अमूमन लोगों के जी का जंजाल बनी हुई है। हालांकि आंवला आपको डैंड्रफ से आसानी से निजात दिला सकता है। आंवला में एंटी इंफ्लामेटरी और एंटी बैक्टीरियल प्रॉपर्टीज पाई जाती हैं, जो बालों से डैंड्रफ निकालने में मददगार होती हैं। इसके लिए आप आंवला और जैतून के तेल को एक साथ लगा सकते हैं। इसके लिए आंवले को पीसकर उसके साथ जैतून के तेल को मिक्स करें और बालों की मसाज करें। आंवला के साथ जैतून का तेल आपके स्कैल्प को बेहतर तरीके से नरिश करता है, जिससे बालों में रूसी व डैंड्रफ की समस्या खत्म होती है।

### चिपचिपे बालों से दिलाए छुटकारा

चिपचिपे यानि ऑयली बाल भी किसी समस्या से कम नहीं है। यह हर समय आपके जी का जंजाल बना रहता है। आंवला आपके बालों के लिए एस्ट्रींजेंट के तौर पर काम करता है। इसमें मौजूद तत्व आपके स्कैल्प से एक्सट्रा ऑयल को निकालने में मदद करते हैं।

# लौंग का तेल लगाने से आपको होंगे ये फायदे और नुकसान

लौंग का सेवन तो आप सभी करते होंगे। लौंग को एक आयुर्वेदिक जड़ी बूटी माना जाता है। लौंग बहुत सी स्वास्थ्य समस्याओं में काम आती है। लेकिन क्या आपने कभी लौंग के तेल का प्रयोग किया है? अगर नहीं, तो इस लेख के माध्यम से हम आपको लौंग के तेल के फायदे और नुकसान के बारे में बताएंगे। लौंग का तेल त्वचा संबंधी कई समस्याओं का हल है। यह आपकी त्वचा के रोमछिद्रों को साफ कर त्वचा को निखारता है। यही नहीं इसके अलांवा भी यह शरीर के तमाम हिस्सों में हो रहे दर्द से भी राहत दिलाने में मददगार माना जाता है।



**सिर दर्द से दिलाए राहत :** लौंग का तेल सिर दर्द में बहुत आराम देता है। लौंग के तेल में एंटीइंफ्लेमेटरी गुण मौजूद होते हैं। यह नसों को आराम पहुंचाता है और सिर दर्द जल्द ही ठीक करता है। सिर दर्द होने पर लौंग के तेल से स्कैल्प पर मालिश करने से आपके सिर का ब्लड सर्कुलेशन बेहतर होता है और ऑक्सीजन फ्लो भी बढ़ता है। लौंग के तेल को तो एरोमाथेरेपी में भी इस्तेमाल किया जाता है। लौंग के तेल की सुगंध से ही आप का मन शांत हो जाता है। सिर दर्द को दूर कर यह तेल आपकी शरीर को एनर्जेटिक बना देता है।

**चेहरे की समस्याओं को करे दूर :** चेहरे के रूखेपन को दूर करने के लिए एसेंशियल ऑयल के तौर पर लौंग का तेल लगाना बहुत अच्छा होता है। लौंग का तेल चेहरे पर रिंकल्स आने से रोकता है। रात में चेहरे पर जेंटल (सॉफ्ट) लौंग के तेल की मसाज दें और सो जाएं। रातभर लौंग का तेल आपके चेहरे को अपने फायदे देगा। इसके साथ-साथ आपको नींद भी बहुत अच्छी आएगी। लौंग का तेल चेहरे के दाग धब्बे भी मिटाता है। एक्ने की समस्या से भी छुटकारा दिलाता है।

**बालों के लिए फायदेमंद :** लौंग का तेल (क्लोव ऑयल) बालों के लिए बहुत फायदेमंद होता है। बालों की जड़ों तक लौंग के तेल से अच्छी मालिश करने से बाल तेज़ी से अपने बाल बढ़ते हैं। लौंग के तेल में मुख्य रूप से बेटा कैरोटीन पाया जाता है, जो कि बालों के लिए बेहद लाभदायक होता है। डैंड्रफ की समस्या, बालों का झड़ना, उम्र से पहले ही बालों का सफेद हो जाना या फिर स्कैल्प इन्फेक्शन भी क्यों न हो लौंग का तेल इन सभी समस्याओं का समाधान माना जाता है। बालों की समस्या से परेशान हैं तो इस तेल का इस्तेमाल कर सकते हैं।

**त्वचा को रखे हेल्दी :** त्वचा के नेचुरल ऑयल को बैलेंस करने के लिए आप अपनी त्वचा पर लौंग का तेल लगा सकते हैं। लौंग के तेल में एंटीमाइक्रोबियल और एंटीइंफ्लेटरी गुण होते हैं। लौंग का तेल आपकी त्वचा के रोमछिद्रों को भी अंदरूनी तौर पर साफ करता है, जिससे त्वचा में निखार आता है। ये एक्जिमा की समस्या को भी दूर करता है। त्वचा पर इस तेल की मालिश करने से ब्लड सर्कुलेशन भी अच्छा रहता है। जिन लोगों में ड्राय स्किन की समस्या है, उनके लिए तो लौंग का तेल एक बहुत अच्छा नुस्खा है।

**सर्दी जुकाम में मददगार :** लौंग के तेल में एंटीबैक्टीरियल, एंटीसेप्टिक, एंटीमाइक्रोब्स, एंटीइंफ्लेम्टरी और एंटीवायरल गुण होते हैं। यह सर्दी-जुकाम को ठीक करने में बहुत मददगार होता है। लौंग का तेल आपकी रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाने में भी मददगार माना जाता है। यह आपके नाक की नली को साफ कर गले को आराम पहुंचाता है, जिससे सर्दी-जुकाम जल्दी ठीक होता है। साथ ही सर्दी जुकाम के दौरान होने वाले सिर दर्द, सीने में दर्द और गले के दर्द से भी राहत दिलाता है।

**दांत के दर्द को करे दूर :** लौंग का तेल दांत के दर्द को भी ठीक करता है। लौंग के तेल में एक प्राकृतिक एनेस्थेटिक एनुजेनॉल मौजूद होता है। ये दांत के दर्द को सुन्न करता है। साथ ही लौंग में पाए जाने वाले एंटीइंफ्लेटरी गुण मसूड़ों की सूजन को कम करके दर्द से राहत दिलाते हैं। इसके एंटीबैक्टीरियल और एंटीमाइक्रोबियल गुण मुंह के बैक्टीरिया और माइक्रोब्स से लड़ते हैं। लौंग का तेल दांतो के लिए बहुत फायदेमंद होता है। इसे दांत दर्द होने पर किसी अन्य तेल के साथ डिलीट करके दर्द हो रहे दांत पर लगाया जा सकता है। लेकिन छोटे बच्चों पर इसका इस्तेमाल न करने की सलाह दी जाती है।

**मांसपेशियों को दे आराम :** अक्सर मांसपेशियों में कई लोगों को दर्द की शिकायत रहती है। जब ब्लड सर्कुलेशन खराब स्तर पर होता है तो मांसपेशियों में दर्द होने लगता है। लौंग का तेल लगाने से ब्लड सर्कुलेशन बेहतर होता है और मांसपेशियों के दर्द से भी राहत मिलती है। साथ ही इसमें मौजूद एंटीइंफ्लेटरी गुण सूजन को भी कम करते हैं। इसे दर्द से प्रभावित हिस्से पर लगाने से दर्द और सूजन में आराम मिलता है। इस तेल में कैल्शियम की भी मात्रा पाई जाती है, जो जोड़ों के दर्द से राहत दिलाती है।

### लौंग के तेल के नुकसान :

- प्रेगनेंट महिलाओं में लौंग के तेल से कई बार कॉम्प्लिकेशन्स भी हो सकती हैं। प्रेगनेंट महिलाओं को लौंग के तेल का इस्तेमाल न करने की सलाह दी जाती है। खासकर उन्हें जो लौंग से एलर्जेटिक है। एलर्जिक महिलाओं में लौंग के तेल से हानिकारक रिएक्शन हो सकते हैं। लौंग का तेल ज्यादा मात्रा में इस्तेमाल करने से प्रेगनेंट महिलाओं में प्रीमेच्योर लेबर की संभावना बढ़ जाती है। प्रेगनेंसी के दौरान बिना डॉक्टर की सलाह के लौंग का तेल इस्तेमाल न करना ही बेहतर होगा।
- लौंग का तेल बच्चों के लिए हानिकारक साबित हो सकता है। लौंग के तेल में इयूगेनॉल होता है। अगर यह ज्यादा मात्रा में दी जाए तो खासकर बच्चों के लिए ये टॉक्सिक बन सकता है। बच्चों में लिवर डैमेज का खतरा बढ़ सकता है। इसलिए बच्चों पर लौंग के तेल का प्रयोग करने से बचें।
- कई बार लौंग का तेल आपकी त्वचा पर जलन भी पैदा कर सकता है। लौंग के तेल के ज़्यादा इस्तेमाल से आपको अपनी त्वचा पर जलन का एहसास हो सकता है। ऐसा होने पर लौंग के तेल का इस्तेमाल तुरंत बंद कर देना चाहिए।

# सेहत ही नहीं आपकी खूबसूरती का भी रखते हैं ध्यान लहसुन के छिलके

खाने का स्वाद बढ़ाना हो या फिर इम्यूनिटी मजबूत बनानी हो, लहसुन का इस्तेमाल आपने हर घर में होते हुए देखा होगा। लेकिन क्या आप जानते हैं लहसुन ही नहीं उसके छिलके भी आपकी सेहत और खूबसूरती दोनों को बनाए रखने में आपकी मदद कर सकते हैं। लहसुन के छिलकों को जिन्हें अक्सर बेकार समझकर कूड़े में फेंक दिया जाता है, एंटी बैक्टीरियल, एंटी वायरल और एंटी फंगल प्रॉपर्टीज गुणों से भरपूर होते हैं। जो त्वचा की सेहत बनाए रखने के साथ व्यक्ति को कई रोगों से भी दूर रहने में भी मदद करते हैं।



### लहसुन के छिलकों के फायदे

- लहसुन के छिलकों का इस्तेमाल सूप, स्टॉक और सब्जियों में किया जाए तो इससे खाने में एक्स्ट्रा पोषण मिलता है। इससे खाने में स्वाद भी बढ़ता है।
- लहसुन में एंटीफंगल गुण पाए जाते हैं। जिससे त्वचा की खुजली की परेशानी कम होती है। राहत पाने के लिए लहसुन के पानी का इस्तेमाल खुलजी वाली जगह पर करें।
- बालों के लिए फायदेमंद लहसुन के छिलकों का इस्तेमाल पानी में उबालकर बालों में किया जाए तो इससे बालों से जुड़ी समस्याएं दूर होती हैं।
- अस्थमा रोगी को लहसुन के छिलके पीसकर शहद में मिलाकर सुबह-शाम देने से लाभ मिलता है।
- पैरों में सूजन आने पर लहसुन के छिलकों को पानी में उबाल लें। इस पानी में अपने पैरों को कुछ देर डुबोकर रखें।
- लहसुन के छिलकों का पेस्ट बनाकर उसमें नींबू का रस मिलाकर बालों की जड़ों पर लगाएं। कुछ ही दिनों में बालों में पड़ी जूं से निजात मिल जाएगी।
- लहसुन में मौजूद एंटी बैक्टीरियल गुण पिंपल्स की समस्या को दूर करने में मदद करते हैं।
- लहसुन के छिलकों में पानी में डालकर उबाल लें। इस पानी को गुनगुना करके उससे हेयर वॉश करें।

# बालों पर जामुन का रस लगाने से दूर होती हैं ये समस्याएं

आजकल के समय में बालों की समस्या तेजी से बढ़ती जा रही है। खासकर युवाओं में यह समस्या ज्यादातर देखी जाती है। अधिकतर लोगों में यह समस्या होती है कि उनके बाल समय से पहले ही टूटने, झड़ने या फिर सफेद होने लगते हैं। यही नहीं डैंड्रफ, स्कैल्प में इंफेक्शन आदि होने से भी आपकी परेशानी बढ़ सकती है। आमतौर पर ऐसा खराब लाइफस्टाइल और गलत खान-पान के चलते होता है। अगर आप कई नुस्खे आजमाने के बाद भी इससे निजात पाने में असमर्थ हैं तो चिंता न करें। इस लेख के माध्यम से हम आपको बालों की समस्या के लिए एक अचूक इलाज बताएंगे। जी हां, बालों पर जामुन का रस लगाने से आपके बालों की समस्या दूर हो सकती हैं।



**बालों का झड़ना रोके :** जामुन का रस लगाने से आपके बालों का रुका हुआ विकास दोबार से हो सकता है। इसमें मुख्य रूप से विटामिन ए और विटामिन सी की मात्रा मौजूद होती है, जो बालों की ग्रोथ के लिए जरूरी मानी जाती हैं। साथ ही जामुन के रस में आयरन पाया जाता है, जो कि लाल रक्त कोशिकाओं को ऑक्सीजन पहुंचाने में मदद करता है। आयरन की कमी से होने वाले एनीमिया में हेयर लॉस ज्यादा होता है। इसलिए बालों पर जामुन का रस लगाने से आपको आयरन मिलेगा और बाल टूटने और झड़ने का खतरा भी कम होगा।

**बालों का रूखापन दूर करे :** बालों में रूखापन होने से आपके चेहरे की भी शोभा बिगड़ सकती है। जामुन के रस में विटामिन सी की मात्रा होती है, जो बालों में हो रहे रूखेपन और आपके बेजान बालों की समस्या को दूर करने में मदद करता है। यही नहीं यह बालों को काले और घने बनाने में भी मददगार होता है। इसके लिए आप जामुन को पीसकर उसका रस निकालें और अपने बालों पर लगाएं। ऐसा करने से बालों की चमक बरकरार रहती है और बाल लंबे समय तक काले भी रहते हैं।

**डैंड्रफ दूर करने में मददगार :** डैंड्रफ बालों की एक जटिल समस्या बनती जा रही है। आमतौर पर डैंड्रफ बाल मॉस्चुराइज नहीं होने और सूखने के कारण हो सकती है। हालांकि बालों में जामुन का रस लगाने से आप डैंड्रफ की समस्या से भी निजात पा सकते हैं। जामुन के रस में एंटी बैक्टीरियल और एंटी वायरल प्रॉपर्टीज मौजूद होती हैं। साथ ही इसमें एंटी फंगल और एंटी ऑक्सीडेंट गुण भी पाए जाते हैं, जो स्कैल्प से डैंड्रफ हटाने में मददगार साबित होते हैं। इसके लिए आप अपने बालों पर जामुन के रस को मलें।

**स्कैल्प के इंफेक्शन से बचाए :** स्कैल्प पर इंफेक्शन होने के कई कारण हो सकते हैं, लेकिन ऐसे में जामुन का रस आपकी सहायता कर सकता है। इसमें एंटी ऑक्सीडेंट और एंटी बैक्टीरियल प्रॉपर्टीज पाई जाती हैं, जो आपको सामान्य संक्रमण से बचाने के साथ ही आपके स्कैल्प पर होने वाले संक्रमण से बचाती हैं।

जामुन के रस में बालों को डिटॉक्स करने की भी क्षमता होती है। अगर आप रोजाना बालों पर इसे प्रयोग कर रहे हैं तो यह अंदरूनी तौर पर आपके स्कैल्प को साफ भी करता है और सभी टॉक्सिन्स का सफाया करने में मदद कर सकता है। इस तरह आपके स्कैल्प में संक्रमण होने का भी खतरा कम होता है।

# टूटते झड़ते बालों से हैं परेशान तो रोजाना पिएं गुड़हल की चाय

ग्रीन, ब्लैक, लेमन और जिंजर टी का स्वाद तो आपने कई बार चखा होगा। लेकिन क्या आपने कभी खूबसूरत गुड़हल के फूलों से बनी चाय का मजा लिया है। गुड़हल की चाय एक हर्बल टी है जो प्राकृतिक रूप से कैलोरी और कैफीन मुक्त होती है और इसमें एंटीऑक्सीडेंट गुण होते हैं। इस चाय की एक चुस्की न सिर्फ व्यक्ति की थकान दूर करती है बल्कि उसकी त्वचा में भी निखार लाती है।

**रक्तचाप :** हाई ब्लड प्रेशर से पीड़ित रहने वाले लोगों के लिए गुड़हल से बनी चाय का सेवन करना बेहद फायदेमंद हो सकता है। गुड़हल चाय ब्लड प्रेशर को नियंत्रित करने में मदद कर सकती है।

**मोटापा :** मोटापे से परेशान लोग इस चाय का सेवन जरूर करें। गुड़हल की चाय पीने से बॉडी वेट, बॉडी फैट और बॉडी मास इंडेक्स में कमी आती है। जिससे वजन को आसानी से कम किया जा सकता है।

**बालों का झड़ना :** बालों की हर प्रकार की समस्या के लिए गुड़हल की चाय काफी फायदेमंद मानी जाती है। इसका सेवन करने से बालों का गिरना तो कम होता ही है साथ ही बालों की खोई चमक भी वापस आती है।

### इंफेक्शन

गुड़हल की चाय हर्बल टी होने की वजह से शरीर की कई तरह के बैक्टीरिया, फंगल और पैरासाइट से रक्षा करती है। गुड़हल की चाय का सेवन करने से व्यक्ति बैक्टीरियल और वायरल इंफेक्शन से बचा रह सकता है।

### तनाव

गुड़हल के फूल में एंटीऑक्सीडेंट गुण मौजूद होते हैं जो तनाव और थकान से राहत दिलाने में मदद कर सकते हैं।

## अनुकम्पा नियुक्त कनिष्ठ लिपिकों की टंकण गति परीक्षा कल

सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर ( नवयत्न )।** अतिरिक्त जिला कलेक्टर रतन कुमार ने बताया कि अनुकम्पा नियुक्त कनिष्ठ लिपिकों की मई माह में आयोजित होने वाली टंकण गति परीक्षा 26 मई को प्रातः 10 बजे से आयोजित की जाएगी। परीक्षा जिला मुख्यालय स्थित राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान जयपुर रोड, सीकर में होगी। उन्होंने बताया कि संबंधित कार्मिक अपने प्रवेश पत्र 25 मई तक कलक्ट्रेट सीकर के कक्ष संख्या 34 से प्राप्त कर सकते हैं। परीक्षा संबंधी किसी भी प्रकार की जानकारी के लिए जिला कलक्टर कार्यालय, सीकर स्थित कंट्रोल रूम के दूरभाष नंबर 01572-251008 पर संपर्क किया जा सकता है।

## विष्णुपुराण कथा का आयोजन आज से

निसं

**नोखा ( नवयत्न )।** पुरुषोत्तम मास के पावन उपलक्ष्य में नोखा की धर्म धरा में पहली बार विष्णुपुराण कथा रसोत्सव का आयोजन 25 मई से 31 मई तक विश्नोई धर्मशाला, सुजानगढ़ रोड में किया जाएगा। आयोजन से जुड़े ओमप्रकाश सोनी ने बताया कि श्री मरुनायक व्यास पीठाधीश्वर पंडित भाईश्री के द्वारा कथा का वाचन किया जाएगा। पंडित भाईश्री ने अपने उद्बोधन में कहा कि नोखा की धरती पर विष्णुपुराण का यह दिव्य, नव्य एवं भव्य आयोजन होगा जिसमें समस्त सनातनी भागीदार बनकर अधिक मास का पुण्य अर्जित कर सकेंगे। 7 दिवस चलने वाली कथा का समय दोपहर 2:15 बजे से 6:15 बजे तक रहेगा।

## वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान-2026 25 मई से 5 जून तक चलेगा अभियान

सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर ( नवयत्न )।** राज्य सरकार के निर्देशानुसार 25 मई से 5 जून 2026 तक जिले में वंदे गंगा जल संरक्षण अभियान संचालित किया जाएगा। इस अभियान में विभिन्न विभागों द्वारा पर्यावरण संरक्षण, वर्षा जल संग्रहण तथा स्वच्छता से संबंधित कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। जिला कलेक्टर आशीष मोदी ने बताया कि 25 मई को जिला स्तरीय वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान 2026 का शुभारम्भ होगा। जिला स्तर, ब्लॉक स्तर, ग्राम पंचायत, ग्राम स्तर पर तथा शहरी क्षेत्रों में जल स्त्रोतों, नदियों, जल संग्रहण, ढ़ांचों एवं तालाबों आदि पर स्वच्छता अभियान, श्रमदान, दीप प्रज्जवलन की गतिविधियां आयोजित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया जायेगा। वंदे गंगा जल संरक्षण अभियान 2026 का सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर प्रचार-प्रसार किया जाएगा। इस अभियान में नदी, नहरों एवं बांध इत्यादि पर पूजन, नहरों, खालों की साफ-सफाई, जल उपयोक्ता संगमों द्वारा कार्यक्रम, कैच द रेन, नए कार्यों का शिलान्यास, वंदे गंगा प्रभात फेरी, कलश यात्रा, पीपल पूजन, पीपल पौधारोपण इत्यादि कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि 27 मई को जिला स्तरीय कार्यक्रमों का आयोजन, स्थानीय गौशाला, पशु चिकित्सालय व दुग्ध संघ में स्वच्छता अभियान, जिला एवं ब्लॉक स्तर पर विचार-विमर्श व संगोष्ठी, मीडिया फील्ड भ्रमण कराया जाएगा। इसी प्रकार 28 मई को विभाग, भामाशाह व स्वयं सेवी संस्थाओं के सहयोग से वंदे गंगा जल सेवा, रेलवे स्टेशन बस स्टैण्ड, अनाज मंडी, सार्वजनिक स्थानों पर वंदे गंगा जल सेवा, पेयजल स्त्रोतों की साफ-सफाई, जल बचत के लिए जन जाग्रति, जल परीक्षण अभियान, राजकीय भवनों की साफ-सफाई, मरम्मत, सड़क किनारे पौधारोपण के लिए अग्रिम तैयारी, सीएसआर कार्यशाला, जल उपयोग अंकेक्षण, एनर्जी ऑडिट व ग्रीन बजट की जानकारी दी जाएगी। इसी प्रकार 2 जून को नदी, वृहद एवं मध्यम बांध, सरोवर, नहरों पर पूजन, जल उपयोगिता संगमों द्वारा कार्यक्रम, जल शक्ति अभियान कैच द रैन अन्तर्गत कार्यक्रम, जल संचय जन भागीदारी अन्तर्गत कार्यक्रम, नये कार्यों का शिलान्यास, भूमि पूजन एवं पूर्ण कार्यों का अवलोकन, लोकार्पणए जल बचत के लिए जन जागृति कार्यक्रमए जल परीक्षण अभियानए कर्म भूमि से मातृ भूमि अभियान के तहत कार्यों का अवलोकन, लोकापर्ण एवं नवीन कार्यों की स्वीकृति के कार्य किये जायेगे।

## शिविर आज

निसं

**खेतड़ी नगर ( नवयत्न )।** केसीसी प्रोजेक्ट की सीएसआर योजना के तहत केसीसी अस्पताल में सोमवार को टीबी रोगियों की निःशुल्क जांच शिविर लगाया जाएगा। मुन्ना लाल जेदिया ने बताया कि सीएसआर योजना के तहत केसीसी अस्पताल में सोमवार सुबह साढ़े नौ बजे से टीबी रोगियों की निःशुल्क जांच कर दवा वितरण की जाएगी।

## कार्यपालक मजिस्ट्रेट नियुक्त

निसं

**चूरू ( नवयत्न )।** जिला कलक्टर व जिला मजिस्ट्रेट अभिषेक सुराणा ने 28 मई को ईदुलजुहा पर्व पर जिले के विभिन्न कस्बों एवं क्षेत्रों में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए कार्यपालक मजिस्ट्रेट नियुक्त किए हैं। आदेश के अनुसार चूरू एडीएम को चूरू, राजगढ़, सिद्धमुख, तारानगर, भानीपुरा व सरदारशहर के लिए तथा सुजानगढ़ एडीएम को सुजानगढ़, रतनगढ़, राजलदेसर एवं बीदासर के लिए समग्र प्रभारी बनाया गया है। इसके अलावा चूरू, राजगढ़, तारानगर, रतनगढ़, बीदासर, सुजानगढ़ व सरदारशहर एसडीएम को उनसे संबंधित संपूर्ण उपखंड क्षेत्र के लिए कार्यपालक मजिस्ट्रेट लगाया गया है। चूरू तहसीलदार को रतननगर, राजगढ़ तहसीलदार को राजगढ़, सिद्धमुख तहसीलदार को सिद्धमुख, तारानगर तहसीलदार को साहवा, राजलदेसर तहसीलदार को राजलदेसर, सरदारशहर तहसीलदार को सरदाशहर, सुजानगढ़ तहसीलदार को सालासर, बीदासर तहसीलदार को छापर एवं भानीपुरा तहसीलदार को भानीपुरा, रतनगढ़ तहसीलदार को रतनगढ़ आदि कस्बों के लिए कार्यपालक मजिस्ट्रेट लगाया गया है। जिला कलक्टर ने सभी अधिकारियों को ईदुलजुहा पर्व के सफल आयोजन को लेकर समुचित निर्देश दिए हैं। इसी के साथ उन्होंने सभी अधिकारियों को कानून व्यवस्था एवं आपसी सौहार्द बनाए रखने तथा सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक सामग्री नहीं प्रचारित होने की पालना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

## संयुक्त अभिभावक संघ एक जून को करेगा शिक्षा संकुल पर सद्बुद्धि यज्ञ

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** राइट टू एजुकेशन (आरटीई) के तहत चयनित विद्यार्थियों की लॉटरी निकलने के लगभग 70 दिन बीत जाने के बावजूद 1.80 लाख बच्चों को अब तक विद्यालयों में प्रवेश नहीं मिलने से अभिभावकों में भारी आक्रोश व्याप्त है। इसी मुद्दे को लेकर संयुक्त अभिभावक संघ ने राज्य सरकार, शिक्षा मंत्री, शिक्षा विभाग एवं निजी स्कूलों के खिलाफ सोमवार एक जून 2026 को अंतर्राष्ट्रीय वैश्विक अभिभावक दिवस के अवसर पर जयपुर के जेएलएन मार्ग स्थित शिक्षा संकुल के मुख्य द्वार पर सद्बुद्धि यज्ञ आयोजित करने की घोषणा की है। प्रदेश प्रवक्ता अभिषेक जैन बिट्टू का कहना है कि एक तरफ सरकार शिक्षा के अधिकार और बाल शिक्षा को लेकर बड़े-बड़े दावे करती है वहीं दूसरी तरफ आरटीई में चयनित बच्चों को समय पर प्रवेश तक नहीं मिल पा रहा है। अभिभावक पिछले दो महीनों से लगातार स्कूलों, शिक्षा विभाग के कार्यालयों एवं अधिकारियों के चक्कर काटने को मजबूर हैं, जिससे उनका आर्थिक, मानसिक एवं शारीरिक शोषण हो रहा है। संघ ने आरोप लगाया कि निजी स्कूल मनमाने तरीके से अभिभावकों को परेशान कर रहे हैं जबकि शिक्षा विभाग पूरी तरह मूकदर्शक बना हुआ है। कई अभिभावकों के बच्चों का वर्तमान शैक्षणिक सत्र प्रभावित हो रहा है और बच्चों का भविष्य अधर में लटका हुआ है। संयुक्त अभिभावक संघ ने बताया कि एक जून को आयोजित होने वाले सद्बुद्धि यज्ञ के माध्यम से सरकार एवं शिक्षा विभाग को सद्बुद्धि देने और बच्चों के शिक्षा अधिकार की रक्षा की मांग को लेकर विरोध दर्ज करवाया जाएगा। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में अभिभावकों के शामिल होने की संभावना है।

# मां भगवती के 20वें पाटोत्सव में उमड़ा श्रद्धा का सैलाब

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** शहर के झोटवाड़ा रोड स्थित चमत्कारेश्वर महादेव मंदिर परिसर में नवदुर्गा शक्तिपीठ फाउंडेशन की ओर से मां भगवती का 20वां पाटोत्सव श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ मनाया गया। नवदुर्गा शक्तिपीठ के सद्गुरु जय जी महाराज के सानिध्य में आयोजित कार्यक्रम में सुबह से देर रात तक धार्मिक अनुष्ठानों और भजन संध्या का दौर चलता रहा। कार्यक्रम की शुरुआत मां भगवती के पंचामृत, फल एवं सुगंधित द्रव्यों से अभिषेक के साथ हुई। इसके बाद माता को नवीन पोशाक धारण कराकर सुहाग सामग्री अर्पित की गई।

मंदिर परिसर में आकर्षक फूल बंगला झांकी सजाई गई तथा शीतलता प्रदान करने वाले व्यंजनों का भोग लगाया गया। श्रद्धालुओं ने विधि-विधान से कन्या पूजन कर उपहार भेंट किए। इस अवसर पर दुर्गा सप्तशती पाठ एवं हवन का आयोजन भी हुआ। संत-महंतों के सानिध्य में मां भगवती की महाआरती की गई, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। शाम को वैष्णो माता का दिव्य दरबार सजाकर भव्य भजन संध्या आयोजित की गई। भजन गायकों ने एक से बढ़कर एक भक्तिमय प्रस्तुतियां देकर श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। माता के विभिन्न स्वरूपों की आकर्षक झांकियों का मंचन भी किया गया, जिसे भक्तों ने खूब सराहा। आयोजन में काले हनुमान मंदिर के पं योगेश शर्मा, सरस निकुंज के महंत अलबेली माधुरी शरण महाराज, प्रवीण बड़े भैया, गोविंद देवजी मंदिर के मानस गोस्वामी, स्वामी सुदर्शनाचार्य महाराज, कथावाचक राजेश्वर महाराज, पंडित राजकुमार चतुर्वेदी, सर्व ब्राह्मण महासभा के अध्यक्ष पं सुरेश मिश्रा, श्री आदि गौड़ मूर्ति कला संस्था जयपुर के अध्यक्ष पंडित सत्यनारायण पांडे, श्री श्याम सेवा पदयात्रा समिति के अध्यक्ष पंडित नारायण माडोलिया, केदार अग्निहोत्री सहित कई संत-महंत एवं गणमान्यजन उपस्थित रहे। नवदुर्गा शक्तिपीठ फाउंडेशन के पदाधिकारी सुभाष शर्मा, शिवम शर्मा और अर्जुन शर्मा सहित कार्यकारिणी सदस्यों ने संत-महंतों का सम्मान किया। कार्यक्रम के अंत में हजारों श्रद्धालुओं ने पंगत प्रसादी ग्रहण की।

# आज से तपेगी धरती

## शुरू हो रहा 9 दिनों का नौतपा




निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** वर्ष का सबसे गर्म माना जाने वाला नौतपा सोमवार 25 मई से शुरू होकर 2 जून तक प्रभावी रहेगा। ज्योतिषीय मान्यताओं और मौसम विज्ञान के अनुसार इस दौरान पड़ने वाली भीषण गर्मी अच्छे और समय पर मानसून का संकेत मानी जाती है। ज्योतिषाचार्यों के अनुसार 25 मई को सूर्यदेव वृषभ राशि में रहते हुए रोहिणी नक्षत्र में प्रवेश करेंगे। सूर्य को अग्नि तत्व का कारक और रोहिणी के स्वामी चंद्रमा माने जाते हैं। इस दौरान सूर्य की सीधी किरणों से तापमान में तेज बढ़ोतरी होती है और उत्तर भारत सहित कई क्षेत्रों में लू का असर बढ़ जाता है। मान्यता है कि नौतपा में जितनी अधिक गर्मी पड़ती है, उतना ही मजबूत लो-प्रेशर बनता है, जिससे समुद्र से मानसूनी हवाएं तेजी से आकर्षित होती हैं और अच्छी बारिश की संभावना बढ़ती है। इसी कारण नौतपा को मानसून का गर्भकाल भी कहा जाता है।

धार्मिक दृष्टि से नौतपा के दौरान सूर्यदेव की पूजा-अर्चना विशेष फलदायी मानी गई है। श्रद्धालुओं को आदित्यहृदय स्तोत्र का पाठ, तांबे के लोटे से सूर्य को अर्घ्य देने तथा जल, शरबत, सत्तू, मटका और पंखे आदि का दान करने की सलाह दी गई है। विशेषज्ञों ने लोगों को भीषण गर्मी से बचने, पर्याप्त पानी पीने, ताजा और सात्विक भोजन करने तथा धूप में निकलने से परहेज करने की सलाह दी है। वहीं परंपराओं के अनुसार इस अवधि में विवाह, गृह प्रवेश और नए व्यवसाय जैसे बड़े मांगलिक कार्यों को टालना शुभ माना जाता है।

## 108 श्रीमद्भागवत कथा महोत्सव की पूर्णाहुति



निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** श्री भाटिया बिरादरी प्रबंध समिति के तत्वावधान में आयोजित 108 श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ महोत्सव का समापन रविवार को श्रद्धा और वैदिक मंत्रोच्चार के बीच हुआ। पूर्णाहुति अवसर पर भाटिया भवन परिसर भक्तिमय माहौल से गूंज उठा और बड़ी संख्या में श्रद्धालु यज्ञ व पूजन में शामिल हुए। सुबह 8 बजे 11 हवन कुंडों में पंडित जवाहर लाल हर्ष के सान्निध्य में वेदमंत्रों के साथ हवन सम्पन्न हुआ। श्रद्धालुओं ने यज्ञ में आहुतियां अर्पित कर सुख-समृद्धि और मंगलकामना की प्रार्थना की। इस दौरान भगवान गणेश, नवग्रह, षोडश मातृका और भगवान कृष्ण का विधिवत पूजन किया गया तथा पितरों का श्रद्धापूर्वक स्मरण कर विदाई दी गई। दोपहर में आयोजित विशाल भोजन प्रसादी में करीब पांच हजार श्रद्धालुओं ने पूड़ी, चावल, छोले, मिक्स वेज, रसभरी और रायता सहित विभिन्न व्यंजनों का प्रसाद ग्रहण किया। आयोजन में देश के 45 से अधिक शहरों से आए भाटिया बिरादरी के प्रतिनिधियों ने सामूहिक आरती कर भक्ति का अनुपम दृश्य प्रस्तुत किया। समिति के अजय गांधी, नितिन भाटिया, हरीश भाटिया, योगराज भाटिया, आशीष भाटिया और अजय भाटिया सहित सैकड़ों स्वयंसेवकों ने व्यवस्थाओं में सहयोग दिया। श्रद्धालुओं ने आयोजन को आध्यात्मिक ऊर्जा और सामाजिक एकता का प्रतीक बताया।

## डॉ. अम्बेडकर मेमोरियल वेलफेयर सोसायटी की आम सभा आयोजित



निसं

**लाडनूं ( नवयत्न )।** स्थानीय मेघवाल समाज भवन में डॉ. अम्बेडकर मेमोरियल वेलफेयर सोसायटी डीडवाना-कुचामन के जिलाध्यक्ष हेमाराम रोहलन की अध्यक्षता में सोसायटी की तहसील शाखा गठन के लिये आमसभा का आयोजन किया गया। चुनाव अधिकारी के रूप में जिला उपाध्यक्ष डालू राम जोरम व जिला संरक्षक सदस्य चेना राम लोरोली भी थे। साधारण सभा मे तहसील शाखा के प्रमुख पदों पर सर्वसहमति से चयन किया गया। इस दौरान अध्यक्ष गोविंद राम बरवड़, ध्यावा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष भँवर लाल बावरी, सचिव छिगना राम रैगर का चयन किया गया। वहीं उपाध्यक्ष नानू राम नायक, मंगलपुरा, भंवर लाल रैगर, लाडनूँ, कोषाध्यक्ष हरी राम गांधी ढिंगसरी, सयुंक्त सचिव मुकेश खींची को शामिल किया गया। इस अवसर पर गोविंद राम बरवड़, छगना राम गरवा, पूर्णा राम लाछ्यड़ी, राजेन्द्र सरपंच, शिक्षक संघ, ब्लॉक अध्यक्ष मगना राम बिठुडा, रेखा राम सोलंकी, सदासुख आसोटा, काना राम रायधना, लक्ष्मण राम कसूम्बी, नानू राम नायक, भंवर लाल रैगर, ओम प्रकाश, हरी राम गांधी, रामकुवार ढिंगसरी सहित प्रबुद्धजन उपस्थित थे।

## बैठक आज

सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर ( नवयत्न )।** उप वन संरक्षक सीकर दीपक कुमार ने बताया कि जिला पर्यावरण समिति एवं राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण के निर्णयों की पालना के संबंध में जिला कलेक्टर सीकर आशीष मोदी की अध्यक्षता में जिला पर्यावरण समिति की बैठक 25 मई 2026 को दोपहर 12:30 बजे जिला कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की जाएंगी।

# गोवर्धननाथ मंदिर में नंदोत्सव की धूम

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** अधिकमास के अवसर पर सूरजपोल स्थित मोहनबाड़ी के श्री गोवर्धननाथ जी मंदिर में आयोजित 11 दिवसीय श्रीमद्भागवत एकादश एवं मूल श्लोक परायण, श्री गोवर्धननाथ व मथुराधीश प्रभु दर्शन एवं 56 भोग महोत्सव के तहत रविवार को धूमधाम से नंदोत्सव मनाया गया। आयोजन श्री पुष्टिमार्गीय वैष्णव मंडल एवं श्री वल्लभ पुष्टिमार्गीय मंदिर प्रबंध समिति के तत्वावधान में हुआ। उत्सव के दौरान नंद के आनंद भयो, यशोदा जायो ललना जैसे बधाई गीतों के बीच पदाधिकारियों ने श्रद्धालुओं पर खिलौने, मेवे और फलों की उछाल की। पूरा पांडाल कृष्ण भक्ति और जयकारों से गुंजायमान हो उठा। ठाकुरजी को माखन.मिश्री का भोग लगाकर प्रसाद वितरित किया गया। व्यासपीठ से भागवत मर्मज्ञ बड़ोदरा निवासी गिरिराज जी शास्त्री ने कहा कि नंदोत्सव भगवान श्रीकृष्ण के गोकुल आगमन की आनंदमयी अभिव्यक्ति है, जो प्रेम और निष्काम भक्ति का संदेश देता है। कथा के दौरान उन्होंने भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं, पूतना मोक्ष और माखन चोरी प्रसंग का भावपूर्ण वर्णन कियाए जिसे सुन श्रद्धालु भाव.विभोर हो उठे। इस अवसर पर गोस्वामी श्री अन्नू बाबा राजकोट एवं कामवन सप्तम पीठाधीश ने भी कथा श्रवण किया। शाम को मंदिर प्रांगण में विवाह दर्शन की आकर्षक झांकी सजाई गई, जिसके दर्शन कर श्रद्धालु मंत्रमुग्ध हो गए।

# पंच कुंडीय गायत्री यज्ञ सम्पन्न



निसं

**तारानगर ( नवयत्न )।** रविवार को चूरू जिले की तारानगर तहसील के पंडरेऊ टिब्बा ग्राम में पंच कुंडीय गायत्री यज्ञ सम्पन्न हुआ जिसमें लगभग 200 महिला और पुरुषों ने भाग लिया। यह आयोजन गायत्री परिवार तारानगर के धनपत जांगिड़ और दरियासिंह की प्रेरणा से ग्रामवासियों के सामूहिक सहयोग से करवाया गया जिसमें कप्तान बलवीर कसवां और मेघराज मोगा का विशेष योगदान रहा। उल्लेखनीय उपलब्धि के रूप में गांव के 10 गणमान्य व्यक्तियों का प्रज्ञामंडल गठित किया गया जिसके माध्यम से अमावस्या और पूर्णिमा को घर घर यज्ञ का अभियान चलाया जाएगा। कार्यक्रम गायत्री प्रज्ञापीठ सिद्धमुख के कार्यवाहक बालदान चारण और हरिकृष्ण शर्मा की टोली द्वारा कराया गया जिसमें महावीर और मनोहरदान ने साहित्य स्टाल पर सेवाएं दी। युग साहित्य के रूप में प्रज्ञा अभियान पाक्षिक और अखंड ज्योति का वितरण किया गया।

## ज्येष्ठ पूर्णिमा पर समिति करेगी मिल्क रोज शरबत वितरण

**जयपुर ( नवयत्न )।** भीषण गर्मी में राहगीरों को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से श्री श्याम गौ सेवा परिवार समिति की ओर से ज्येष्ठ पूर्णिमा पर रविवार 31 मई को विशाल मिल्क रोज शरबत वितरण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। आयोजन समिति के प्रधान कार्यालय पर होगा, जहां सैकड़ों लोगों को शीतल पेय वितरित किया जाएगा। समिति अध्यक्ष नरेंद्र टेलर और रामचंद्र चौधरी ने बताया कि समिति के सभी पदाधिकारी और सदस्य पूरे समय श्रमदान कर राहगीरों को शरबत पिलाएंगे। सचिव हनुमान सहाय लुगरिया और रामूदीन चारण ने बताया कि मिल्क रोज तैयार करने में करीब 200 किलो दूध, 80 किलो चीनी, 100 किलो बर्फ के साथ देशी गुलाब की पत्तियां, काली मिर्च, खस के बीज, इलायची, केसर, बादाम और सौंफ जैसी सामग्री का उपयोग किया जाएगा। समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि आयोजन का मुख्य उद्देश्य गर्मी से परेशान लोगों को राहत और शीतलता प्रदान करना है। कार्यक्रम में सुरेंद्र बैरवा, रमेशचंद मेवाड़ा, अशोक प्रजापत, विष्णु शर्मा, सुनील कुमावत सहित समिति के सभी सदस्य मौजूद रहेंगे।

# गंदे पानी की सप्लाई के विरोध में कांग्रेस की पानी यात्रा आज



निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** पूर्व मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास ने राजधानी में गंदे पानी की सप्लाई और पेयजल संकट को लेकर भाजपा सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि जयपुर में लोगों को पीने के लिए साफ पानी तक नहीं मिल रहा और आमजन महंगे पानी के कैम्पर व टैंकर खरीदने को मजबूर हैं। खाचरियावास ने आरोप लगाया कि सरकार ने गर्मी शुरू होने से पहले कोई कंटनजेंसी प्लान नहीं बनाया, जिसके कारण लोगों को भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। उन्होंने कहा कि जहां पानी के कैम्पर 50 रुपये में बिक रहे हैं, वहीं टैंकर माफिया 500 रुपये तक वसूल रहे हैं। सरकार की ओर से फ्री पानी के टैंकर भी उपलब्ध नहीं कराए जा रहे। उन्होंने बताया कि गंदे पानी की समस्या और भाजपा सरकार के विरोध में जयपुर कांग्रेस सोमवार, 25 मई को सुबह 10 बजे सिविल लाइंस स्थित खाचरियावास हाउस से जलभवन तक पानी यात्रा निकालेगी।

यात्रा में कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल होंगे और जलभवन पहुंचकर मटका फोड़ प्रदर्शन करेंगे। खाचरियावास ने कहा कि जब तक जयपुर सहित प्रदेशभर में शुद्ध पेयजल की व्यवस्था और मुफ्त टैंकर उपलब्ध नहीं कराए जाते, तब तक आंदोलन जारी रहेगा। उन्होंने मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा और जलदाय मंत्री कन्हैया लाल चौधरी पर जनता की समस्याओं के प्रति उदासीन रहने का आरोप लगाया।

# राजस्थान पुलिस का संडेज ऑन साइकिल महाअभियान में 18 हजार से अधिक लोग जुड़े

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** राष्ट्रमंडल दिवस के अवसर पर राजस्थान पुलिस के नेतृत्व में रविवार को प्रदेशभर में संडेज ऑन साइकिल महाअभियान का भव्य आयोजन किया गया। फिट इंडिया मूवमेंट के तहत आयोजित इस अभियान में पुलिस अधिकारियों, जवानों और आमजन सहित 18 हजार से अधिक लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। अभियान का उद्देश्य युवाओं, महिलाओं और आम नागरिकों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाते हुए फिटनेस की डोज, आधा घंटा रोज का संदेश पहुंचाना रहा। कार्यक्रम का आयोजन भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के दिशा-निर्देशों के तहत राष्ट्रमंडल दिवस पर किया गया। पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार शर्मा के निर्देशन में आयोजित इस 75 वें संस्करण में अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस रुपिंदर सिंघ के नेतृत्व में राज्य भर में कार्यक्रम संपन्न हुए। उप महानिरीक्षक विनित कुमार बंसल को अभियान का नोडल अधिकारी बनाया गया था। राज्य के सभी जिला मुख्यालयों, आरएसी बटालियनों और पुलिस प्रशिक्षण संस्थानों में सुबह 6 बजे योग, ध्यान, जुम्बा, रनिंग, रोप स्किपिंग और साइकिलिंग रैलियों का आयोजन किया गया। अभियान में स्थानीय साइकिलिंग क्लब, स्वयंसेवी संस्थाएं, फिटनेस समूह और सीएलजी सदस्य भी शामिल हुए। राजस्थान पुलिस ने बताया कि इस पहल का उद्देश्य पुलिस बल को मानसिक तनाव से राहत देने के साथ आमजन में स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देना है। अभियान की तस्वीरें और वीडियो सोशल मीडिया पर भी साझा किए गए।



## शुभकरण चौरड़िया पुनः अध्यक्ष निर्वाचित

निसं



**नोखा ( नवयत्न )।** श्री जैन श्वेतांबर तेरापंथी सभा नोखा की आम बैठक का आयोजन सभा अध्यक्ष शुभकरण चोरड़िया की अध्यक्षता में हुआ। शुभकरण चोरड़िया ने अपना अध्यक्षीय वक्तव्य दिया और सत्र 2024-26 में मिले सहयोग हेतु सभी का आभार व्यक्त किया। मंत्री मनोज घीया ने मंत्री प्रतिवेदन प्रस्तुत किया, कोषाध्यक्ष सुंदरलाल सेठिया ने आय व्यय विवरण प्रस्तुत बैठक में पिछले दो वर्षों में हुए ऐतिहासिक कार्यों जैसे आचार्य महाश्रमण की आज्ञानुसार शासन गौरव साध्वीश्री राजीमती द्वारा साध्वी मनोज्ञ प्रभाजी को दीक्षा प्रदान की गई। आचार्य महाश्रमण इंटरनेशनल स्कूल का शिलान्यास, समाज के नए भवन का शिलान्यास जिसका निर्माण कार्य प्रगति पर है, शासन गौरव साध्वीश्री राजीमती की लाडनूं विहार यात्रा, थली संभागीय बालकों का संस्कार निर्माण शिविर, तेरापंथ मेरपंथ कार्यशाला का आयोजन आदि कई कार्यक्रम सम्पन्न हुए। तत्पश्चात आगामी कार्यकाल वर्ष 2026-28 हेतु अध्यक्ष पद हेतु चुनाव आयोजित हुए। चुनाव अधिकारी मांगीलाल संचेती एवं उप चुनाव अधिकारी दिलीप बैद ने बताया कि ने अध्यक्ष पद की उम्मीदवारी हेतु शुभकरण चोरड़िया एवं मोहनलाल चोपड़ा के नाम के फॉर्म आये थे। चुनाव बहुत ही सौहार्द पूर्ण वातावरण में संपन्न हुए। उन्होने बताया कि कुल 165 वोट पड़े जिसमें शुभकरण चोरड़िया को 115 एवं मोहनलाल चोपड़ा को 48 वोट मिले। इस प्रकार शुभकरण चोरड़िया 67 वोटो से विजयी घोषित किये गये। मोहनलाल चोपड़ा एवं उपस्थित सभी ने शुभकरण चोरड़िया को पुनः अध्यक्ष बनने पर बधाइयाँ दी । शुभकरण चोरड़िया ने सभी के प्रति हार्दिक आभार एवं कृतज्ञता ज्ञापित की एवं आह्वान किया कि हमें आध्यात्म एवं समाज विकास हेतु मिलजुलकर काम करना है।

## प्राचीन पीपल वृक्ष को काटने के प्रस्ताव पर कोर्ट ने लगाई रोक

निसं

**तारानगर ( नवयत्न )।** न्यायालय सिविल न्यायाधीश तारानगर ने कस्बे के वार्ड 3 में प्राचीन पीपल के वृक्ष को काटने के प्रस्ताव मामले में स्टे जारी करते हुए वृक्ष के काटने पर रोक लगाई है। न्यायालय ने बाबूलाल आदि बनाम अशोक आदि के मामले में प्रार्थीगण बाबूलाल आदि की ओर से प्रस्तुत किए गए प्रार्थना पत्र का अवलोकन कर तथ्य परिस्थितियों को दृष्टिगत रखते हुए अंतरिम अस्थाई निषेधाज्ञा प्रार्थना पत्र स्वीकार करते हुए मूल टीआई प्रार्थना पत्र के अंतिम निस्तारण तक वादगत पीपल के वृक्ष के काटने पर स्टे देते हुए वृक्ष की यथास्थिति बनाए रखने व इसे किसी प्रकार का कोई नुकसान नहीं पहुंचाने के आदेश दिए।

## व्यापारी से 3 लाख की लूटपाट करने वाले तीन गिरफ्तार

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** सांगानेर सदर थाना इलाके में सीतापुरा रीको एरिया में व्यापारी से दिनदहाड़े हुई 3 लाख की लूट की वारदात का पुलिस ने सनसनीखेज खुलासा किया है। पुलिस ने व्यापारी के पूर्व नौकर समेत तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर एक बाल अपचारी को निरुद्ध किया है। वहीं पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से नकदी, लैपटॉप और अन्य सामान भी बरामद कर लिया गया है। फिलहाल आरोपितों से पूछताछ की जा रही है। पुलिस उपायुक्त दक्षिण राजर्षि राज ने बताया कि सांगानेर सदर थाना इलाके में सीतापुरा रीको एरिया में व्यापारी से दिनदहाड़े हुई 3 लाख की लूट की वारदात करने वाले सुरेश पांचाल 27, विकास बैरवा 19 और सुनील सैनी 18 वर्ष 5 माह को गिरफ्तार किया है। इसके अलावा एक बाल अपचारी को भी निरुद्ध किया गया है। सभी आरोपी सांभरिया शिवदासपुरा के रहने वाले है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से लूटी गई रकम में से 1,62,500 नकद, डेल कंपनी का लैपटॉप, दुकान के शटर की चाबियां और अन्य महत्वपूर्ण दस्तावेज बरामद किए हैं। जांच में सामने आया कि गिरफ्तार आरोपी विकास बैरवा पहले मुकेश कुमार की दुकान पर मजदूरी करता था। कुछ समय पहले उसने काम छोड़ दिया था। विकास को व्यापारी की पूरी दिनचर्या की जानकारी थी और उसे पता था कि व्यापारी रोज दुकान बंद कर नकदी बैग में लेकर घर जाते हैं। पुलिस पूछताछ में आरोपी ने बताया कि काम छोड़ने के दौरान हिसाब करते समय व्यापारी ने दिवाली बोनस के दिए गए 2100 काट लिए थे। इसी बात से नाराज होकर उसने बदला लेने की ठानी और साथियों के साथ मिलकर लूट की पूरी साजिश रच डाली। सांगानेर सदर थानाधिकारी अनिल जैमनी ने बताया कि ग्राम रामपुरा बीलवा निवासी मुकेश कुमार शर्मा 43 की सीतापुरा स्थित चतराला सर्किल एसबीआई बैंक के पास ष्रिद्धि सिद्धि लाइट एंड सैनिट्री नाम से फर्म है। गत 28 अप्रैल 2026 की रात करीब 8:10 बजे मुकेश कुमार दुकान बंद कर घर लौट रहे थे। दुकान से करीब 50 मीटर दूरी पर गली में मुड़ते ही बिना नंबर की सफेद स्विफ्ट कार में सवार तीन बदमाशों ने उनका बैग छीन लिया और फरार हो गए। व्यापारी ने कुछ दूरी तक पीछा भी किया, लेकिन आरोपी भाग निकले। बैग में 3 लाख नकद, डेल कंपनी का लैपटॉप, दुकान की चाबियां, खरीद-बिक्री के बिल, पुत्र गौरव शर्मा की 10वीं कक्षा की मार्कशीट और एक कीपैड मोबाइल रखा हुआ था। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की। पुलिस ने घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। साथ ही मोबाइल डेटा और बीटीएस तकनीक की मदद से आरोपियों की पहचान कर उन्हें दबोच लिया। पूरे मामले के खुलासे में सांगानेर सदर थाने के कांस्टेबल हनुमान कांस्टेबल नंबर की विशेष भूमिका रही। टीम में उप निरीक्षक धर्मवीर सिंह, एएसआई प्रेमचंद, हेड कांस्टेबल जितेंद्र यादव, राजेश, कांस्टेबल रामावतार, प्रेम चौधरी तथा डीसीपी साउथ कार्यालय की तकनीकी शाखा के हेड कांस्टेबल लोकेश शामिल रहे।

## वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान के तहत जिला स्तरीय कार्यक्रम आज

जयशंकर जांगिड़

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** राज्य सरकार द्वारा संचालित वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान-2026 के तहत सोमवार को बगड़ स्थित फतेहसागर तालाब पर जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में राज्य स्तरीय सैनिक कल्याण समिति के अध्यक्ष एवं राज्यमंत्री दर्जा प्राप्त प्रेम सिंह बाजोर मुख्य अतिथि के रूप में हिस्सा लेंगे तथा प्रेस कॉफ्रेंस को भी संबोधित करेंगे। जिला कलेक्टर डॉ अरुण गर्ग ने बताया कि अभियान के अंतर्गत आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम में जल संरक्षण और पर्यावरण संवर्धन से जुड़े विभिन्न आयोजन किए जाएंगे। कार्यक्रम की शुरुआत कलश यात्रा से होगी, जिसके बाद पीपल पूजन, सरोवर पूजन एवं श्रमदान कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार द्वारा 25 मई से 5 जून तक प्रदेशभर में वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान-2026 चलाया जा रहा है, जिसके तहत जल स्रोतों के संरक्षण, जल बचत के प्रति जनजागरूकता और सामुदायिक सहभागिता को बढ़ावा दिया जाएगा। जिला प्रशासन ने आमजन, जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों एवं युवाओं से कार्यक्रम में अधिकाधिक भागीदारी निभाने की अपील की है, ताकि जल संरक्षण का संदेश जन-जन तक पहुंच सके। इसके साथ ही विभिन्न विधानसभा क्षेत्र में ब्लॉक स्तर पर भी कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

## साइबर म्यूल हंटर अभियान में दो आरोपी गिरफ्तार

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** जालूपुरा थाना पुलिस ने साइबर म्यूल हंटर अभियान के तहत कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनमें एक बी हजार रुपये का इनामी अपराधी समुन्दर दमामी भी शामिल है। पुलिस ने आरोपियों को अजमेर और डीडवाना-कुचामन से गिरफ्तार किया। फिलहाल आरोपितों से पूछताछ की जा रही है। पुलिस उपायुक्त उत्तर करण शर्मा ने बताया कि जालूपुरा थाना पुलिस ने साइबर म्यूल हंटर अभियान के तहत कार्रवाई करते हुए समुन्दर दमामी निवासी अजमेर और महिपाल सिंह राठौड़ निवासी डीडवाना-कुचामन को गिरफ्तार किया है। पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपी उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश और महाराष्ट्र के लोगों से किराये पर बैंक खाते लेकर उनमें साइबर ठगी की राशि ट्रांसफर करवाते थे। बाद में रकम निकालकर दूसरे खातों में रोटेट की जाती थी। इस प्रकरण में अब तक कुल पांच आरोपियों की गिरफ्तारी हो चुकी है, जबकि अन्य आरोपियों की तलाश जारी है। इस कार्रवाई करने वाली टीम में थानाधिकारी हवा सिंह मंगवा, झबरमल, अनिल कुमार, शिवराज और कमलेश कुमार शामिल रहे।

## 25 मई से जिलेभर में होंगे जल संरक्षण, पौधरोपण और स्वच्छता से जुड़े कार्यक्रम

**चूरू ( नवयत्न )।** प्रदेश सरकार के निर्देशानुसार जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा के निर्देशन में जिले में 25 मई से 05 जून तक वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान संचालित किया जाएगा। सीईओ श्वेता कोचर ने बताया कि गंगा दशमी के अवसर पर 25 मई से शुरू होकर 05 जून को विश्व पर्यावरण दिवस तक चलने वाले इस अभियान के तहत जिलेभर में जल संरक्षण, पौधारोपण, स्वच्छता एवं जनजागरूकता से जुड़े विविध कार्यक्रम आयोजित होंगे। उन्होंने बताया कि इस संबंध में विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं। अभियान के दौरान कुएं, जोहड़, नहरों एवं अन्य जल संरचनाओं का पूजन-नमन किया जाएगा तथा उनकी साफ-सफाई एवं जीर्णोद्धार भी कराए जाएंगे। साथ ही मकानों एवं सरकारी भवनों में वर्षा जल संचयन प्रणाली को बढ़ावा देने, भूजल स्तर सुधारने तथा अधिकाधिक जल संरचनाओं के निर्माण पर भी जोर दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि अभियान के तहत विभिन्न दिनों में वंदे गंगा प्रभात फेरीए कलश यात्रा, पीपल पूजन, नुक्कड़ नाटक, जल चौपाल, किसान चौपाल, जल परीक्षण अभियान, स्वच्छता अभियान, साइकिल रैली, श्रमदान, जल सेवा कार्यक्रम सहित विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

## गजकेसरी योग में गंगा दशहरा आज

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** ज्येष्ठ शुक्ल दशमी 25 मई को गंगा दशहरा पर्व इस साल दुर्लभ और शुभ संयोगों में मनाया जाएगा। इस बार गंगा दशहरा पर हस्त नक्षत्र, रवि योग, व्यातिपात योग, आनंद योग, गुरु-चंद्रमा की युति गजकेसरी योग सहित पांच विशेष शुभ योगों का महासंयोग बन रहा है। इसे अत्यंत फलदायी माना जा रहा है। इन शुभ संयोगों में गंगा स्नान, दान, जप-तप, तर्पण और पूजा-अर्चना का पुण्यफल कई गुना बढ़ जाएगा। ज्योतिषाचार्य डॉ महेन्द्र मिश्रा ने बताया कि इसी दिन मां गंगा का स्वर्ग से पृथ्वी पर अवतरण हुआ था। गंगा दशहरा दस प्रकार के पापों के नाश का पर्व ब्रह्मपुराण के अनुसार इस दिन किए गए गंगा स्नान और दान से तीन कायिक, चार वाचिक और तीन मानसिक दोषों का शमन होता है। यही कारण है कि इस तिथि को दशहरा कहा गया है। मान्यता है कि मां गंगा के पवित्र जल में ऐसे दिव्य गुण विद्यमान हैं, जो ग्रहों के दुष्प्रभाव को शांत करने के साथ मानसिक शांति और आध्यात्मिक ऊर्जा प्रदान करते हैं। इस बार गंगा दशहरा सोमवार को पड़ रहा है, जो भगवान शिव का दिन माना जाता है। मां गंगा भगवान शिव की जटाओं से पृथ्वी पर अवतरित हुई थीं। इसी कारण इस बार शिव और गंगा पूजा का विशेष संयोग बन रहा है। श्रद्धालु इस दिन भगवान शिव और मां गंगा की आराधना कर रोग, भय, संकट और जीवन की बाधाओं से मुक्ति की कामना करेंगे। वैदिक पंचांग के अनुसार दशमी तिथि का प्रारंभ 25 मई को प्रातः लगभग 4:30 बजे से होगा और इसका समापन 26 मई को प्रातः लगभग 5:10 बजे तक रहेगा। ब्रह्म मुहूर्त स्नान, जप और दान के लिए सर्वश्रेष्ठ रहेगा। अभिजीत मुहूर्त दोपहर 12:09 बजे से 1:02 बजे तक रहेगा। इसके अतिरिक्त सर्वार्थ सिद्धि, आयुष्मान, शुभ और शोभन योग सुबह 5:23 बजे से सुबह 11:32 बजे तक प्रभावी रहेंगे। इसके बाद सौभाग्य योग दोपहर 12:43 बजे से प्रारंभ होगा तथा अमृत योग दोपहर 12:51 बजे से शुरू होकर शाम तक रहेगा। इन योगों में किए गए धार्मिक कार्य विशेष फलदायी माने गए हैं।

## हत्या के मामले में बीस हजार का इनामी बदमाश गिरफ्तार

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** सांगानेर सदर थाना पुलिस ने हत्या के मामले में फरार चल रहे बीस हजार के इनामी बदमाश को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी हत्या के बाद लगातार ठिकाने बदलकर दोस्तों के यहां पनाह ले रहा था। पुलिस ने उसे प्रताप नगर इलाके से दबोच लिया। मामले में उसके दो साथी पहले ही गिरफ्तार होकर जेल भेजे जा चुके हैं। पुलिस उपायुक्त दक्षिण राजर्षि राज वर्मा ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी कौशल नागर उर्फ ष्धाकड़ सरकार 26 निवासी नैनवा, बूंदी है। आरोपी को प्रताप नगर सेक्टर-35 स्थित एक अपार्टमेंट में छिपे होने की सूचना पर दबिश देकर गिरफ्तार किया गया। पुलिस के अनुसार कौशल नागर ने अपने साथियों के साथ मिलकर बूंदी निवासी चेतराम गुर्जर 30 की हत्या की थी। हत्या के बाद पुलिस से बचने के लिए आरोपी ने सांगानेर क्षेत्र में स्थित अपना किराए का कमरा खाली कर दिया था और परिवार को भी दूसरे गांव में शिफ्ट कर दिया था। पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपी जयपुर एयरपोर्ट के पास चाय की दुकान चलाता था। सोशल मीडिया पर वह ष्धाकड़ सरकार और ष्रुप सरकार नाम से सक्रिय था। पुलिस के मुताबिक आरोपी थार और स्कॉर्पियो गाड़ियों के काफिले के साथ रील बनाकर सोशल मीडिया पर अपनी फैन फॉलोइंग बढ़ाता था। इलाके में खौफ कायम करने के लिए मारपीट और जानलेवा हमलों की सुपारी लेने की भी बात सामने आई है। इसी कारण उसे कौशल सुपारी के नाम से भी जाना जाता था। सहायक पुलिस आयुक्त चाकसू भवानी सिंह ने बताया कि कौशल नागर ने पिता बनने की खुशी में 6 अप्रैल को गांव में दोस्तों को पार्टी दी थी। पार्टी के बाद लौटते समय उसके दोस्त हरकेश नागर को गांव के महेश राज गुर्जर ने रोक लिया। विवाद होने पर हरकेश ने कौशल को मौके पर बुला लिया। इस दौरान महेशराज ने अपने चचेरे भाई चेतराम गुर्जर को भी बुला लिया। कहासुनी बढ़ने पर चेतराम और कौशल के बीच मारपीट हुई। उसी दौरान कौशल नागर ने चेतराम को देख लेने की धमकी दी थी। इसके बाद 1 मई को चेतराम गुर्जर जयपुर के सांगानेर सदर क्षेत्र में अपने परिचित की बेटी की शादी में शामिल होने आया था। इसी दौरान आरोपियों ने गांव की रंजिश का बदला लेने के लिए उस पर लाठी और सरियों से ताबड़तोड़ हमला कर हत्या कर दी। हत्या के बाद पुलिस ने आरोपी कौशल नागर पर 20 हजार का इनाम घोषित किया था। आरोपी लगातार दोस्तों के यहां पनाह लेकर फरारी काट रहा था।

पुलिस ने तकनीकी साक्ष्यों और मुखबिर तंत्र की मदद से उसकी लोकेशन ट्रेस कर शनिवार को गिरफ्तार कर लिया। इस मामले में शामिल आरोपी देवांश शर्मा और विशाल मदेरणा को पुलिस पहले ही गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेज चुकी है। फिलहाल पुलिस मास्टरमाइंड कौशल नागर से पूछताछ कर रही है।

## वेदांत और भगवद्गीता की रोशनी में सुलझेंगे सुंदरकांड के गूढ़ रहस्य

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** जयपुर की ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक धरा एक अभूतपूर्व आध्यात्मिक वैचारिक क्रांति की गवाह बनने जा रही है। आगामी 30 मई शनिवार को वेद विद्या ट्रस्ट दिल्ली के तत्वावधान में बनीपार्क स्थित श्री जंगलेश्वर महादेव मंदिर में एक दिवसीय सुंदरकांड ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। सुंदरकांड एक तार्किक विश्लेषण इस ज्ञान यज्ञ के मुख्य वक्ता श्आर्ष विद्या मंदिर दिल्ली के परम पूज्य ब्रह्मलीन स्वामी प्रबुद्धानंद की महान वेदांत परंपरा के संवाहक आचार्य ईश्वरानंदा होंगे, जो सुंदरकांड के माध्यम से जीवन-प्रबंधन के उन व्यावहारिक सूत्रों को खोलेंगे, जिनका सीधा संबंध भगवान श्रीकृष्ण द्वारा भगवद्गीता में दिए गए निष्काम कर्म के सिद्धांतों से है।

राजधानी जयपुर में सुंदरकांड ज्ञान यज्ञ के पोस्टर का विमोचन किया गया। इस मौके पर मुख्य वक्ता आचार्य ईश्वरानंदा भी मौजुद रहें। आचार्य ईश्वरानंदा ने बताया कि यह आयोजन पारंपरिक पाठ से आगे बढ़कर, आधुनिक मानव जीवन की समस्याओं का एक लॉजिकल और सर्जिकल ऑडिट होगा। यह व्याख्यान समाज को अंधविश्वास और केवल बाहरी कर्मकांडों से ऊपर उठाकर शास्त्र




श्रवण, शास्त्रों के गहरे और तार्किक अध्ययन की ओर प्रेरित करेगा।आयोजन समिति की सदस्य गरिमा श्रृंगी ने बताया कि इस सत्र में भगवदगीता के ज्ञान को जोड़ते हुए यह सिखाया जाएगा कि कैसे भक्ति हमारे अंतःकरण को कोमल और शुद्ध बनाती है और कैसे वेदांत का ज्ञान हमें पूर्ण मोक्ष की ओर ले जाता है।

## बैठक आज

सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर ( नवयत्न )।** मुख्य आयोजना अधिकारी सीकर अंजली सैनी ने बताया कि माह अप्रैल 2026 तक अर्जित उपलब्धियों की समीक्षा बैठक जिला कलेक्टर आशीष मोदी की अध्यक्षता में 25 मई 2026 को प्रातः 11 बजे कलेक्ट्रेट सभागार में साप्ताहिक बैठक के तत्पश्चात आयोजित की जाएगी।

# सरल-सुलभ तरीके से त्वरित न्याय ही उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम की खूबसूरती : मील
# कंज्यूमर वॉइस 2.0 जागरूकता न्यायोत्सव अभियान का शुभारंभ

संजय सोनी

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग झुंझुनू के अध्यक्ष मनोज कुमार मील ने कहा कि उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 2019 की सबसे बड़ी खूबसूरती यह है कि आमजन को सरल, सुलभ और त्वरित न्याय उपलब्ध कराया जाता है। अधिनियम का मूल उद्देश्य उपभोक्ताओं के अधिकारों की रक्षा करते हुए उन्हें समयबद्ध राहत प्रदान करना है। उन्होंने रविवार को मंडावा में आयोजित उपभोक्ता रात्रि चौपाल के दौरान कंज्यूमर वॉइस 2.0 जागरूकता न्यायोत्सव अभियान की शुरुआत करते हुए आमजन से अभियान से जुड़ने और पीड़ित उपभोक्ताओं को न्याय दिलाने में सकारात्मक भागीदारी निभाने का आह्वान किया। यह अभियान आगामी 24 दिसंबर 2026 राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस तक जिलेभर में संचालित किया जाएगा। आयोग अध्यक्ष मनोज मील ने बताया कि अभियान के तहत 1000 प्रकरणों के निस्तारण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। उन्होंने कहा कि आयोग का प्रयास है कि इस वर्ष दर्ज होने वाले प्रकरणों की तुलना में पांच गुना अधिक लंबित मामलों का निस्तारण किया जाए ताकि पीड़ित उपभोक्ताओं को शीघ्र राहत मिल सके। उन्होंने कहा कि यह अभियान राज्य आयोग के अध्यक्ष न्यायाधिपति देवेन्द्र कच्छवाहा के मार्गदर्शन में परिपत्र दिनांक 26 फरवरी 2026 की अक्षरशः पालना के तहत संचालित किया जा रहा है। आयोग का उद्देश्य है कि उपभोक्ताओं को न्याय उनके द्वार तक पहुंचाया जाए और लंबित मामलों का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित हो।

मनोज मील ने बताया कि यह अभियान लब्धप्रतिष्ठित अधिवक्ताओं देश के प्रथम राष्ट्रपति डॉ राजेंद्र प्रसाद व संविधान निर्माता डॉ भीमराव अंबेडकर तथा समस्त अधिवक्ता समुदाय को समर्पित किया गया है। उन्होंने कहा कि न्याय व्यवस्था को मजबूत बनाने और आमजन को उनके अधिकार दिलाने में अधिवक्ताओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण रही है।

### उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 2019 के प्रावधानों की दी जानकारी

मनोज मील ने उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 2019 के विभिन्न प्रावधानों की विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि अधिनियम के तहत प्रत्येक उपभोक्ता को सुरक्षा का अधिकार, जानकारी प्राप्त करने का अधिकार, सुनवाई का अधिकार, प्रतिकर प्राप्त करने का अधिकार तथा शिकायत दर्ज कराने का अधिकार प्रदान किया गया है। उन्होंने कहा कि यदि कोई उपभोक्ता खराब वस्तु, घटिया सेवा, अनुचित व्यापार व्यवहार, भ्रामक विज्ञापन, बीमा दावा, बिजली-पानी बिल, ई-कॉमर्स लेनदेन अथवा अन्य उपभोक्ता सेवाओं से संबंधित समस्या का सामना करता है तो वह आयोग में शिकायत प्रस्तुत कर सकता है। आयोग ऐसे मामलों में त्वरित सुनवाई कर उपभोक्ता को राहत प्रदान करता है। उन्होंने बताया कि उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 2019 के तहत ई-कॉमर्स कंपनियों को भी जवाबदेह बनाया गया है तथा भ्रामक विज्ञापनों और अनुचित व्यापारिक गतिविधियों पर सख्त प्रावधान किए गए हैं। अधिनियम में उपभोक्ताओं को ऑनलाइन शिकायत दर्ज कराने की सुविधा भी दी गई है, जिससे ग्रामीण और दूरस्थ क्षेत्रों के लोगों को भी आसानी से न्याय मिल सके। उन्होंने कहा कि आयोग का प्रयास है कि उपभोक्ताओं को लंबी कानूनी प्रक्रिया में उलझने के बजाय कम समय में प्रभावी समाधान उपलब्ध कराया जाए। बिजली, पानी, बीमा दावा और अन्य विभागों से संबंधित मामलों का प्राथमिकता से निस्तारण किया जा रहा है।

### उपभोक्ता रात्रि चौपाल में सुनी समस्याएं

उपभोक्ता रात्रि चौपाल के दौरान उपभोक्ताओं ने बिजली, पानी, बीमा दावा तथा अन्य विभागों से संबंधित लंबित मामलों की जानकारी दी, जिन पर आयोग अध्यक्ष ने संबंधित प्रकरणों के त्वरित निस्तारण का भरोसा दिलाया। कार्यक्रम में उपभोक्ता संरक्षण समिति मंडावा के पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपभोक्ता उपस्थित रहे।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक सपना शर्मा के लिए उदय प्रिंटर्स 43-ए, माली कॉलोनी, चांदपोल के बाहर जयपुर में मुद्रित व प्लॉट नं. 88, तहसील के पीछे दांतारामगढ़, सीकर ( राज. ) से प्रकाशित संपादक सपना शर्मा
मो. 9783931239 मुख्य कार्यालय-जी-4, मान नगर, नगर परिषद के सामने, झुंझुनू, 01592-297190